संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 90 शुक्रवार 31 जनवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# बड़ी घटना के बाद ही जागा यूपी प्रशासन

» महाकुंभ हादसे में श्रद्धालुओं की मौत के बाद लिए फैसले

» सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिए न्यायिक जांच और कड़े भीड़ नियंत्रण उपायों के निर्देश



**प्रयागराज,30 जनवरी 2025(ए)।** महाकुंभ मेले में बुधवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम क्षेत्र में मची भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। यह दर्दनाक हादसा तब हुआ जब करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए पहुंचे और अत्यधिक भीड़ के कारण भगदड़ मच गई।

### सीएम योगी आदित्यनाथ की त्वरित कार्रवाई

इस दुखद घटना के बाद, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देर रात आपातकालीन बैठक बुलाई। इसमें प्रयागराज, कौशांबी, वाराणसी, अयोध्या, मिर्जापुर, बस्ती, जौनपुर, चित्रकूट, बांदा, अम्बेडकरनगर, प्रतापगढ़, संत कबीर नगर, भदोही, रायबरेली और गोरखपुर सहित कई जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने इस घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कड़े भीड़ प्रबंधन और यातायात नियंत्रण उपायों को लागू करने के निर्देश दिए।

### न्यायिक जांच के आदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीडिया को संबोधित करते हुए इस घटना को भविष्य के आयोजन प्रबंधन के लिए एक सीख बताया। उन्होंने घटना की न्यायिक जांच के आदेश भी दिए हैं।

- न्यायिक आयोग की अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायाधीश हर्ष कुमार करेंगे।
- पूर्व डीजीपी वीके गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डीके सिंह इस जांच टीम के सदस्य होंगे।

## भगदड़ के बाद लागू किए गए प्रमुख बदलाव

- **नो-व्हीकल ज़ोन घोषित:** महाकुंभ मेला क्षेत्र को पूरी तरह से नो-व्हीकल ज़ोन घोषित किया गया है। सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाया जा सके।
- **व्हीव्हीआईपी पास रद्द:** विशेष पास के माध्यम से मिलने वाली वाहन प्रवेश अनुमति को रद्द कर दिया गया है। अब किसी भी व्हीआईपी पास से कुंभ क्षेत्र में वाहन प्रवेश नहीं कर पाएंगे।
- **वन-वे ट्रैफिक सिस्टम लागू:** संगम क्षेत्र की ओर जाने वाले सभी मार्गों को एकतरफा किया गया है ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और यातायात सुचारू रहे।
- **चार पहिया वाहनों पर 4 फरवरी तक प्रतिबंध:** प्रयागराज से सटे जिलों से आने वाले वाहनों को सीमा पर ही रोका जा रहा है। शहर में चार पहिया वाहनों की एंट्री 4 फरवरी तक पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी।
- **भीड़ नियंत्रण और पुलिस गश्त बढ़ाई गई:** प्रमुख मार्गों जैसे अयोध्या-प्रयागराज, कानपुर-प्रयागराज, फतेहपुर-प्रयागराज, लखनऊ-प्रतापगढ़-प्रयागराज और वाराणसी-प्रयागराज पर पुलिस गश्त बढ़ाने और यातायात प्रबंधन को और सख्त करने के निर्देश दिए गए हैं।
- **अस्थायी होल्डिंग एरिया और सुविधाएं:** जिला सीमा पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष होल्डिंग क्षेत्र बनाए गए हैं। इन क्षेत्रों में भोजन और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।
- **विशेष ट्रेन और बसें चलाई जाएंगी:** प्रयागराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लौटने को ध्यान में रखते हुए, अतिरिक्त विशेष ट्रेन और बसों की व्यवस्था की गई है ताकि यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित हो सके।

## 3 फरवरी को अमृत स्नान के लिए सुरक्षा बढ़ाई जाएगी...

बसंत पंचमी (3 फरवरी) को होने वाले अमृत स्नान को ध्यान में रखते हुए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।प्रशासन की श्रद्धालुओं से अपील मेला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करें, निर्धारित मार्गों का उपयोग करें और भीड़भाड़ से बचने में सहयोग करें।

## उत्तरप्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ यात्रा पर लगी रोक

### छत्तीसगढ़-यूपी बॉर्डर पर वाहनों की एंट्री बैन

महाकुंभ में बढ़ती भीड़ और सुरक्षा कारणों को देखते हुए छत्तीसगढ़-उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर महाकुंभ जाने वाले वाहनों की एंट्री अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है। बुधवार शाम से लेकर करीब 12 घंटे तक भारी वाहनों और ट्रकों को बसंतपुर से धनवार के बीच रोक दिया गया, जिससे 15 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। हालांकि, स्थानीय वाहनों को कुछ हद तक छूट दी गई है, लेकिन श्रद्धालुओं के वाहनों को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई।

### बलरामपुर बॉर्डर पर कड़ा प्रतिबंध

महाकुंभ में भगदड़ की स्थिति को देखते हुए, 31 जनवरी रात 12 बजे तक छत्तीसगढ़ से यूपी की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई। सरगुजा आईजी के आदेश पर सुरक्षा के मद्देनजर श्रद्धालुओं की गाड़ियों को सूरजपुर जिले के चंदौरा से वापस भेज दिया गया।



### जाम में फंसे सैकड़ों वाहन

इस रोक के चलते धनवार से बसंतपुर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। यूपी के रेनुकूट जाने वाली गाड़ियों को रघुनाथपुर होते हुए डायवर्ट किया गया। हालांकि, यूपी से आने वाले वाहनों को एंट्री दी जा रही है, लेकिन बॉर्डर पर ट्रैफिक बाधित होने के कारण दोनों ओर जाम की स्थिति बनी रही।

### 1 फरवरी से शुरू होगी यात्रा

प्रशासन ने घोषणा की है कि 1 फरवरी से श्रद्धालुओं के वाहनों को महाकुंभ जाने की अनुमति दी जाएगी। अधिकारियों ने यात्रियों से धैर्य बनाए रखने और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है। इस दौरान जाम के कारण यात्रियों को खाने-पीने और अन्य सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ा। फिलहाल, प्रशासन ने यातायात को आंशिक रूप से बहाल कर दिया है, लेकिन श्रद्धालुओं को 1 फरवरी तक इंतजार करना होगा।

## सीएम के घर पर रेड करने पहुंच गई है पुलिस



### दिल्ली मुख्यमंत्री आतिशी का बड़ा दावा

**नई दिल्ली,30 जनवरी 2025 (ए)।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के बीच आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास में छापेमारी की गई है। कपूरथला हाउस में तलाशी लिए जाने का दावा किया गया। उधर,चुनाव आयोग के सूत्रों ने इस तरह की किसी छापेमारी से इनकार किया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एक्स पर लिखा, दिल्ली पुलिस भगवंत मान जी के दिल्ली के घर पर रेड करने पहुंच गई है। भाजपा वाले दिन दहाड़े पैसे, जूते, चद्दर बांट रहे हैं-वो नहीं दिखता। बल्कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री के निवास पर रेड करने पहुंच जाते हैं। वाह री भाजपा! दिल्ली वाले 5 तारीख को जवाब देंगे!

## 150 करोड़ से ज्यादा का फर्जीवाड़ा करने वाले दो भगोड़े भारत लाए



**नई दिल्ली,30 जनवरी 2025 (ए)।** इंटरपोल रेड नोटिस के तहत थाईलैंड से दो भगोड़ों को भारत निर्वासित किया गया है। यह लोग तमिलनाडु और गुजरात में अलग-अलग मामलों में वांछित थे। सीबीआई ने इस ऑपरेशन का समन्वय किया था। इन भगोड़ों में से एक जनार्थन सुंदरम है। जनार्थन सुंदरम पर पोंजी स्कीम के जरिए निवेशकों से 87 करोड़ रुपये से ज़्यादा की धोखाधड़ी करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि पोंजी योजना के जरिए निवेशकों के 87 करोड़ रुपये से अधिक धन हड़पने के आरोपी जनार्दन सुंदरम को बैंकॉक से भारत भेज दिया गया और तमिलनाडु पुलिस ने कोलकाता हवाई अड्डे पर उसे हिरासत में ले लिया। वह तमिलनाडु पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा आपराधिक षड्यंत्र, आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, जमा/ब्याज के पुनर्भुगतान में चूक और अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम, 2019 के तहत किए गए अपराधों के लिए वांछित था।

### सीमेंट फैक्ट्री हादसे में चार मजदूरों की मौत

**पन्ना,30 जनवरी 2025 (ए)।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिला स्थित जेके सीमेंट के एक प्लांट में गुरुवार सुबह हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 15 अन्य मजदूर घायल हैं जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। पन्ना जिले के पवई के सिमरिया थाना क्षेत्र में पगारा में फैक्ट्री के निर्माणाधीन हिस्से का स्लैब गिरने से मलबे के नीचे बड़ी संख्या में मजदूर दब गए जिनमें से चार की मौत हो गई है। घायल 15 मजदूरों को उपचार के लिए कटनी जिला चिकित्सालय भेजा गया है।



### यमुना जल विवाद पर अरविंद केजरीवाल ने ईसीआई को दिया जवाब

**नई दिल्ली,30 जनवरी 2025 (ए)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 से पहले यमुना जल को लेकर दिए गए बयान पर आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग में अपना जवाब दाखिल कर दिया है। उन्होंने इसे जनहित में दिया गया बयान बताया और कहा कि उनका इरादा किसी भी समूह के बीच दुश्मनी भड़काने का नहीं था।



केजरीवाल ने अपने 14 पन्नों के जवाब में स्पष्ट किया कि उनका बयान दिल्ली में पीने के पानी की गुणवत्ता को लेकर था, जो एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जल आपूर्ति हरियाणा से आने वाले कच्चे पानी पर निर्भर है, जो अत्यधिक दूषित और जहरीला हो सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका,महाकुंभ में भगदड़ के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग



प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान भगदड़ में 30 लोगों की मौत के बाद सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। इस याचिका में महाकुंभ में आने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में सभी राज्यों को निर्देश देने की अपील की गई है कि वे प्रयागराज में अपने सुविधा केंद्रों पर तीर्थयात्रियों को सुरक्षा उपायों और दिशा-निर्देशों की जानकारी उपलब्ध कराएं। इसके अलावा, विभिन्न भाषाओं में घोषणाओं, दिशानिर्देशों और मार्गदर्शक डिस्प्ले बोर्डों की स्थापना की भी मांग की गई है, ताकि दूसरे राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी कठिनाई का सामना न करना पड़े। याचिका में यह भी अनुरोध किया गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समन्वय कर सभी राज्य सरकारें महाकुंभ में चिकित्सा आपातकाल के लिए डॉक्टरों और नर्सों की मेडिकल टीम तैनात करें, जिससे मेडिकल स्टाफ की कमी न हो और त्वरित इलाज संभव हो सके।

## महाकुंभ में फिर भीषण आग,छतनाग टेंट सिटी में हादसा,कई कॉटेज जलकर राख



महाकुंभ में एक बार फिर गुरुवार दोपहर भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। इस बार आग छतनाग घाट नागेश्वर घाट सेक्टर 22 के पास टेंट सिटी में लगी, जिससे एक दर्जन से अधिक टेंट जलकर खाक हो गए। राहत की बात यह है कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची हुई हैं और वरिष्ठ अधिकारी भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। हादसा झूंसी की तरफ छतनाग के पास स्थित वैदिक टेंट सिटी में हुआ, जिसे एक निजी कंपनी द्वारा स्थापित किया गया था। हालांकि, अभी तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। प्रशासन आग के स्रोत और संभावित कारणों की जांच में जुटा हुआ है। यह पहली बार नहीं है जब महाकुंभ में आग लगी हो। इससे पहले 19 जनवरी को गोरखपुर के गीता प्रेस के शिविर में भीषण आग लगी थी, जिसमें 150 से अधिक कॉटेज जलकर राख हो गए थे। उस समय आग का कारण छोटे सिलेंडर में रिसाव बताया गया था, हालांकि गीता प्रेस प्रशासन ने इसे बाहरी तत्वों की साजिश करार दिया था।

## रेप के आरोप में कांग्रेस सांसद गिरफ्तार



### प्रेस कॉन्फ्रेंस करते समय पुलिस की दबिश

**सीतापुर,30 जनवरी 2025(ए)।** सीतापुर लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते समय पुलिस ने उनके घर से गिरफ्तार कर लिया है. बलात्कार मामले में आरोपी राकेश राठौर हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद आज घर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे. पुलिस ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान ही आरोपी सांसद को हिरासत में ले लिया.

## अपनी ही सरकार के खिलाफ हुए अनिल विज

### नायब सरकार के खिलाफ करूंगा डल्लेवाल जैसा अनशन

**अंबाला ,30 जनवरी 2025 (ए)।** हरियाणा के वरिष्ठ मंत्री अनिल विज ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खड़ा कर दिया हैं। विज ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तरह अनशन करने का भी ऐलान कर दिया है। दरअसल, बिजली एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने हाल ही में अंबाला कैंट सदर थाने के एसएचओ को सस्पेंड करने के आदेश दिए थे। उन्होंने हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर को भी फोन कर कहा था कि मुझे सस्पेंशन ऑर्डर चाहिए। लेकिन एसएचओ को सस्पेंड नहीं किया गया है और वह अभी भी ड्यूटी पर हैं। हरियाणा के गृह विभाग ने एसएचओ को सस्पेंड नहीं किया है। गृह मंत्रालय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास है। इस से मंत्री अनिल विज बुरी तरह खफा हो गए हैं। विज के गृह जिले में ही उनके आदेश लागू न होने से उनकी छवि पर भी आंच आई है।



ऐसे में अनिल विज ने कहा है कि वे अब ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि जब ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में उनकी ओर से दिए आदेशों को लागू नहीं किया जाता तो फिर मीटिंग में जाने का क्या मतलब है। उन्होंने चेतावनी तक दे डाली कि अगर जरूरत पड़ी तो वे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल की तरह अनशन भी करेंगे। अनिल विज ने कहा कि मैं अंबाला की जनता के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा। अनिल विज ने अंबाला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अब मैं ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में शामिल नहीं होऊंगा, क्योंकि इस मीटिंग में जारी आदेशों का पालन नहीं होता। ऐसी बैठकों में शामिल होने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे बाकी हरियाणा का तो पता नहीं, लेकिन अंबाला की जनता के हकों के लिए मैं हमेशा लड़ता रहूंगा। विज ने कहा कि जिस तरह किसानों की मांगों के लिए किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल आमरण अनशन कर रहे हैं, उसी तरह अगर अनशन करना पड़े तो मैं वो भी करूंगा।

## 27 साल पहले घर से लापता हुआ था पति, अब महाकुंभ में इस रूप में हुई मुलाकात

» परिवार के पैरों तले निकली जमीन

**प्रयागराज,30 जनवरी 2025 (ए)।** कुंभ मेले में अपनों के बिछड़ने और कई वर्षों के बाद मिलने के किस्से तो अपने अकसर सुने होंगे। ऐसे ही एक मामला महाकुंभ मेले में भी सामने आया है। झारखंड के एक परिवार ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में 27 साल बाद अपने खोए हुए सदस्य को खोज निकालने का दावा किया है। परिवार का कहना है कि 1998 में लापता हुए गंगासागर यादव अब 'अघोरी' साधु बन चुके हैं, जिन्हें लोग बाबा राजकुमार के नाम से जानते हैं। उनकी उम्र 65 साल है, गंगासागर 1998 में पटना जाने के बाद अचानक लापता हो गए थे और उनकी कोई खबर नहीं मिल पाई थी। उनकी पत्नी धनवा देवी ने अकेले ही अपने दो बेटों, कमलेश और विमलेश को पाला। गंगासागर के छोटे भाई मुरली यादव ने बताया, 'हमने भाई को खोजने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन हाल ही में हमारे एक रिश्तेदार ने कुंभ मेले में एक साधु को देखा, जो गंगासागर जैसा दिखता था। उन्होंने उसकी तस्वीर खींचकर हमें भेजी। तस्वीर देखकर हम तुरंत धनवा देवी और उनके दोनों बेटों के साथ कुंभ मेले पहुंचे।' परिवार का दावा है कि उन्होंने बाबा राजकुमार के रूप में अपने गंगासागर यादव को पहचाना, लेकिन साधु ने अपनी पुरानी पहचान को पूरी तरह नकार दिया। बाबा राजकुमार ने खुद को वाराणसी का साधु बताते हुए कहा कि उनका गंगासागर से कोई संबंध नहीं है। उनके साथ मौजूद एक साध्वी ने भी इस बात का समर्थन किया। हालांकि, परिवार ने उनके शरीर पर मौजूद कुछ विशेष पहचान चिह्नों को आधार बनाकर दावा किया कि वह ही गंगासागर हैं। उन्होंने उनके लंबे दांत, माथे पर चोट के निशान और घुटने पर मौजूद पुराना घाव दिखाते हुए कहा कि यह वही व्यक्ति है। परिवार ने कुंभ मेले की पुलिस से इस मामले में मदद मांगी है और डीएनए टेस्ट कराने की मांग की है, ताकी व्यक्ति की असली पहचान साबित की जा सके।



# संपादकीय

## हिंडनबर्ग रिसर्च भंग

अमेरिकी निवेश व अनुसंधान कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अचानक अपना कारोबार समेटने का ऐलान कर दिया। कंपनी के संस्थापक नेट एंडरसन ने अपने परिचितों, परिवार व मित्रों का हवाला देते हुए वेबसाइट पर पर्सनल नोट में लिखा-मैंने हिंडनबर्ग रिसर्च को भंग करने का फैसला किया है।नेट ने कहा यह अचानक लिया गया फैसला नहीं है। काफी सोच-समझकर लिया गया फैसला है। 2017 में हिंडनबर्ग रिसर्च का गठन करने वाले एंडरसन ने इसे अपने जीवन का एक अध्याय बताते हुए, जीवन का मुख्य केंद्र नहीं है कहा। अमेरिकी अकाउंटेंट हैरी माकरेपोलस को अपना रोल मॉडल मानने वाले एंडरसन ने ऐसे वक्त यह घोषणा की है, जब अमेरिका के नये राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेने वाले हैं।आलोचकों के अनुसार जॉर्ज सोरेस के साथ हिंडनबर्ग के कथित संबंधों व ट्रंप प्रशासन के दबाव का अंदेशा व्यक्त किया है। इस शॉर्ट सेलिंग कंपनी को 2024 में भारतीय बाजार नियामक संस्था सेबी द्वारा कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। क्योंकि कंपनी ने सेबी प्रमुख माधवी बुच पर वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप मढे थे। उससे पहले हिंडनबर्ग ने देश के प्रमुख औद्योगिक समूह अडाणी पर गंभीर आरोपों द्वारा भारत में सुर्खियां बटोरी थीं।समूह के मालिक गौतम अडानी पर अपनी ही कंपनियों के शेयरों में हेराफेरी कर सौ अरब डॉलर कमाने का आरोप था। रिपोर्ट सार्वजनिक होते ही अडानी ग्रूप को डेढ़ सौ अरब डॉलर का नुकसान होते ही वह विश्व के बीस अतिसमृद्धों की सूची से बाहर हो गए। हिंडनबर्ग की रिपोटरे का हवाला देकर विपक्ष ने एकजुट होकर मोदी सरकार पर हमला बोल दिया था।हिंडनबर्ग ने अमेरिका के अलावा विदेशों की विभिन्न कंपनियों में गैर-कानूनी लेन-देन व वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा किया, जिससे उनके शेयर्स बुरी तरह ध्वस्त होने से उन्हें जबरदस्त नुकसान झेलना पड़ा। अरबपतियों व कुलीन वर्ग के साम्राज्य को हिलाने की जरूरत पर जोर देने वाली कंपनी के इस फैसले से खुश होने वाले भले ही चुनिंदा हैं मगर हतप्रभ रहने वाले लाखों हैं।असल में यह फैसला उसे क्यों लेना पड़ा, जब तक यह स्पष्ट नहीं हो जाता, हर कोई अपने-अपने कयास लगाता रहेगा। दुनिया भर को अपने निशाने पर रखने वाले एंडरसन ने अभी अपनी भविष्य की योजनाओं के भी स्पष्ट संकेत नहीं दिए हैं। हो न हो, वह बड़ी तैयारी से कुछ अनोखा ही कर दिखाएंगे।

# प्रयागराज भगदड़:प्रशासनिक लापरवाही या भक्तों का उन्माद



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)



एक पौराणिक शहर की सीमाओं पर विचार करना चाहिए, जिसे अपनी धार्मिक विरासत को बनाए रखते हुए आठ करोड़ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। दस लोगों के लिए डिज़ाइन की गई जगह में सौ लोग कैसे रह सकते हैं? यह विचार करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। इसके अलावा, वीवीआईपी संस्कृति और सरकार के मुनाफे की खोज, जिसमें राजस्व के लिए हर उपलब्ध भूमि को पट्टे पर देना और बिचौलियों को शामिल करना शामिल है, के बीच का सम्बंध मामले को और जटिल बनाता है। यह धार्मिक भक्ति का मामला है, प्रतिस्पर्धा या उन्माद का नहीं।

प्रयागराज में हुई भगदड़ के बारे में सुनना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसके परिणामस्वरूप कई लोगों की जान चली गई। यह घटना निस्संदेह विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों पर व्यापक चर्चाओं को जन्म देगी। विपक्ष आलोचना करेगा, जबकि सरकार अपने कार्यों को सही ठहराने का प्रयास करेगी, लेकिन जो लोग मर चुके हैं उन्हें वापस नहीं लाया जा सकता। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। प्रयागराज में संगम तट पर वर्ष 2013 के कुंभ मेले के दौरान 10 फरवरी दिन रविवार को मौनी अमावस्या का स्नान था। कुचलने और गिरने से 35 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि दर्जनों लोग घायल हुए थे। जिनका अस्पताल में कई दिनों तक इलाज़ चला था। 1954 में मौनी अमावस्या के दिन नेहरू जी ने संगम में स्नान किया, जो इस मेले का मुख्य आकर्षण था। इस कुंभ मेले के दौरान एक दर्दनाक हादसा भी हुआ। मौनी अमावस्या के स्नान के समय, एक हाथी नियंत्रण से बाहर हो गया और भगदड़ मच गई। इस दुर्घटना में करीब 500 लोग मारे गए।

भगदड़ के बाद भीड़ को नियंत्रित करने और सूचना देने के लिए लाउडस्पीकर्स का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा, रात के समय मेले में रोशनी के लिए 1000 से अधिक स्ट्रीट लाइट्स लगाई गई थीं। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इसके बाद, कुंभ मेले में हाथियों के उपयोग पर हमेशा के लिए रोक लगा दी गई। अपने घर में छोटा-सा कार्यक्रम करिए उसको सकुशल संपन्न कराने में हवा निकल जाती है यहाँ तो पूरा विश्व आया हुआ है करोड़ों की संख्या में। एक पौराणिक शहर की सीमाओं पर विचार करना चाहिए, जिसे अपनी धार्मिक विरासत को बनाए रखते हुए आठ करोड़ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। दस लोगों के लिए डिज़ाइन की गई जगह में सौ लोग कैसे रह सकते हैं? यह विचार करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। इसके अलावा, वीवीआईपी संस्कृति और सरकार के मुनाफे की खोज, जिसमें राजस्व के लिए हर उपलब्ध भूमि को पट्टे पर देना और बिचौलियों को शामिल करना शामिल है, के बीच का सम्बंध मामले को और जटिल बनाता है। यह धार्मिक भक्ति का मामला है, प्रतिस्पर्धा या उन्माद का नहीं।


कुछ लोग इसे प्रशासन की नाकामी बता रहे हैं। लिखना और आलोचना करना बहुत आसान है लेकिन जहाँ पर लाखों, करोड़ों लोगों की भीड़ हो ओर उसमें भी बहुत बड़ी संख्या में बुजुर्ग हो। घाटों पर जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान कर रहे हो, बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करके बाहर निकल रहे हो और बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम स्नान करने जा रहे हों। हादसे की संभावना बनी रहती है और अफ़सोस हादसा हो ही गया। हमेशा याद रखें। प्रशासन एक-एक का हाथ पड़कर स्नान नहीं करवा सकता। हादसा कहीं भी हो सकता है। ना इसमें पूरा प्रशासन का दोष है और ना ही इसे विपक्ष की साजश़ि कहा जा सकता है। यह महज़ एक हादसा है। हादसे के बाद पूरे संगम क्षेत्र में स्थिति बिलकुल सामान्य है लेकिन मीडिया अपने टीआरपी के लिए सनसनी पैदा कर रहा है। जबकि मीडिया की जिम्मेवारी है कि वह घटना (भगदड़) की वज़ह की रिपोर्टिंग पर करें। इसके अतिरिक्त लोग महाकुम्भ में जिस श्रद्धा आस्था के साथ आएँ हैं, उसी श्रद्धा पूर्वक उन्हें कर्तव्यबोध भी रहे। सरकार के नियम, अनुशासन, चेतावनी का उसी आस्था से पालन करे। जब अयोध्या और काशी में आशातीत भीड़ हो गई है तो प्रयागराज में महाकुंभ में सम्मिलित श्रद्धालुओं की संख्या का अनुमान भी नहीं किया जा सकता। सभी लोग त्रिवेणी संगम में ही स्नान के लिए हठ न करें, चालीस किलोमीटर इधर और उधर, यानी अस्सी किलोमीटर तक फैला हुआ स्नान घाट बनाया गया है। वहीं स्नान कर कृपया व्यवस्था में सहयोग बनाएँ।

ऐसा लगता है कि सरकार खुद को सर्वश्रेष्ठ आयोजक के रूप में दिखाने पर केंद्रित है, जबकि कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से सनातन को बढ़ावा देने में अधिक रुचि रखते हैं,आम भक्तों की भावनाओं की उपेक्षा करते हैं। ब्रह्म कल्प के दौरान लगभग 45 दिनों तक, शाही स्नान (शाही स्नान) प्रतिदिन होता है, फिर भी हमारे धार्मिक नेताओं ने इसे श्रद्धालुओं तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुँचाया है। इन नेताओं द्वारा कुंभ स्नान का वास्तविक महत्त्व जनता को पर्याप्त रूप से नहीं बताया गया है। यदि सनातन धर्म पर चर्चा करने के लिए अक्सर टेलीविजन पर आने वाले धार्मिक व्यक्ति कल्पवास के इन 45 दिनों के दौरान प्रत्येक प्रहर के दौरान स्नान के महत्त्व पर ज़ोर देते, तो भारी भीड़ को अलग-अलग दिनों में फैलाया जा सकता था, जिससे संभावित रूप से ऐसी त्रासदियों को रोका जा सकता था।

अत्यधिक प्रचार के कारण महाकुंभ में बेहिसाब भीड़ जमा हो गई। इसके अतिरिक्त वीआईपी यानी अति विशिष्ट को ज़रूरत से ज्यादा महत्त्व और आमजन को अनेक रास्तों पर रोकना या वापस भेजना या मोक्ष मार्ग पर अति विशिष्ट के लिए अलग मार्ग भी एक कारण। भगदड़ के लिए बस एक छोटी–सी गलती की ज़रूरत होती है। एक बात और असरदार या धनी लोग द्वारा अपने पैसों के दम पर सामान्य तीर्थयात्रियों का हक़ मार लेना, उनको पीछे धकेल देना। क्या यह पाप नहीं है? क्या गंगाजी इस तरह के पापिओं के पाप धो पाएगी? दिवंगत आत्माओं को शांति मिले।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# वीआईपी कल्चर खत्म करता है लोगों के बीच समानता का भाव



संजय सक्सेना,
लखनऊ,उत्तरप्रदेश

मौनी अमवस्या प महाकुंभ में भगदड़, जिसके चलते तीस लोगों की मौत ने ऐसे मौकों पर कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी सम्मान पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिन्दुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है ? महाकुंभ में 29 जनवरी को मौनी अमवस्या के स्नान के दिन भगदड़ के कारण जो दर्दनाक हादसा हुआ उसने वाईआईपी कल्चर पर एक बार फिर से नये सिरे से बहस छेड़ दी है। सवाल उठ रहा है कि जब गुरुद्वारे में वीआईपी दर्शन नहीं, मस्जिद में वाआईपी नमाज नहीं, चर्च में वीआईपी प्रार्थना नहीं होती है तो सिर्फ मंदिरों में कुछ प्रमुख लोगों के लिये वीआईपी दर्शन क्यों जरूरी हैं ? क्या इस पद्धति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए, जो हिन्दुओं में दूरियों का कारण बनता है ? खैर, योगी सरकार ने मौनी अमावस्या के दिन हुए हादसे से सबक लेते हुए वीआईपी सिस्टम पर रोक लगा दी है। महाकुंभ के लिये सभी वीआईपी पास भी रद्द कर दिये गये। काश यह व्यवस्था पहले ही खत्म कर दी जाती। यह इस लिये भी जरूरी था क्यों भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 07 जनवरी को ही धार्मिक स्थलों पर होने वाली वीआईपी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर चुके थे। तब तो उन्हें ऐसे हादसे की उम्मीद भी नहीं रही होगी। उन्होंने कहा था कि कि वीआईपी व्यवस्था समानता के सिद्धांत के खिलाफ है और इसे धार्मिक जगहों से पूरी तरह समाप्त कर देना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि धार्मिक स्थल समानता के प्रतीक हैं, जहां हर व्यक्ति ईश्वर के सामने बराबर होता है। वहीं उन्होंने जोर देकर ये भी कहा कि वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति के खिलाफ है. यह एक असमानता का उदाहरण है, जिसे तत्काल समाप्त किया जाना चाहिए. वहीं, उन्होंने धर्मस्थलों पर समानता को स्थापित करने की बात कही थी। धनखड़ ने अपने संबोधन कहा था कि धार्मिक स्थलों को समानता के प्रतीक के रूप में देखा जाना चाहिए. जब किसी को विशेषाधिकार दिया जाता है,या वीआईपी या वीवीआईपी का दर्जा दिया जाता है, तो यह समानता के विचार का अपमान है। इस दौरान उन्होंने कर्नाटक के एक धर्मस्थल का उदाहरण भी बताया, जो समानता का संदेश देता है।

तब उपराष्ट्रपति ने कहा था कि पिछले कई सालों में धार्मिक स्थलों के बुनियादी ढांचे के विकास में एक सकारात्मक बदलाव आया।. वहीं, उन्होंने कहा कि ये विकास केवल भौतिक सुधार नहीं हैं, बल्कि हमारी सभ्यता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण कदम भी हैं। हाल यह है कि कई मंदिरों के भीतर तो वहीं का स्टाफ और पुरोहित ही धन उगाही करके भक्तों को वीआईपी सुविधा प्रदान करने से नहीं चूकते हैं। ऐसे भक्तों को बिना लाइन के और मंदिर का प्रोटोकॉल तोड़कर गर्भगृह में प्रवेश कराकर भी दर्शन करा दिये जाते हैं। आम श्रद्धालु घंटों कतार में खड़े रहते हैं, जबकि वीआईपी को सीधे गर्भगृह में प्रवेश मिल जाता है। बड़े मंदिरों में वीआईपी पास या दान के बदले विशेष दर्शन की व्यवस्था होती है, जबकि साधारण भक्तों को धक्का-मुक्की झेलनी पड़ती है। वीआईपी भक्तों को विशेष प्रसाद, बैठने की जगह और पुजारियों का अलग से आशीर्वाद मिलता है, जबकि आम भक्त को कुछ ही सेकंड में दर्शन कर आगे बढ़ने को कहा जाता है।



तीर्थ स्थलों और गंगा स्नान में वीआईपी संस्कृति की बात कि जाये तो महाकुंभ मेले प्रयागराज, हरिद्वार या वाराणसी जैसे तीर्थ स्थलों पर आम श्रद्धालुओं को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन वीआईपी के लिए अलग घाट बना दिए जाते हैं।जहां आम लोग भीड़ में संघर्ष करते हैं, वहीं खास लोगों के लिए विशेष स्नान व्यवस्था, सुरक्षा घेरा और सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं।कई बार वीआईपी के स्नान के लिए आम श्रद्धालुओं को घंटों रोका जाता है, जिससे भीड़ में अफरा-तफरी तक मच जाती है। महाकुंभ हादसे की असली वजह क्या थी, ये तो न्यायिक जांच के बाद ही पता चलेगा लेकिन सवाल ये है कि जहां करोड़ों लोग जुट रहे हों, वहां आम श्रद्धालुओं की असुविधा को बढ़ाकर वीआईपी स्नान जैसी व्यवस्था क्यों? वीआईपी स्नान के नग्न प्रदर्शन की टीस महाराज प्रेमानंद गिरि के शब्दों में भी दिखी जब उन्होंने कहा कि प्रशासन का पूरा ध्यान वीआईपी पर था। आम श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया था। उनका आरोप है कि पूरा प्रशासन वीवीआईपी की जी-हुजूरी में लगा रहा, तुष्टीकरण में लगा रहा।

वीआईपी की भी आस्था होती है, इससे कहां कोई इनकार कर सकता है लेकिन आम लोगों की कीमत पर वीआईपी ट्रीटमेंट क्यों? अगर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए गए तो वीआईपी लोगों के लिए कुछ ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं की गई कि उनके मूवमेंट की वजह से आम श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो? आम श्रद्धालु 15-15,20-20 किलो मीटर पैदल चलकर स्नान करने पहुंचे और कथित वीआईपी गाड़ियों के रेले के साथ सीधे तट तक पहुंचे, ये तो आम श्रद्धालुओं में रोष, खींझ और असंतोष पैदा करने वाला ही होगा। भगदड़ से एक दिन-दो दिन पहले तक ऐसी खबरें आ रही थीं कि पीपे के तमाम पुलों को आम श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया ताकि कथित वीआईपी अपने वीआईपीपने का प्रदर्शन कर सकें। वैसे वीआईपी कल्चर का दायरा काफी बड़ा है। वीआईपी कल्चर धार्मिक स्थलों तक ही नहीं सीमित है। लोकतंत्र से आस्था तक, हर जगह कुछ लोगों को कई मौकों पर विशेषाधिकार मिल ही जाता है। लोकतंत्र के मूल सिद्धांत कहते हैं कि सभी नागरिक समान हैं, लेकिन व्यवहार में कुछ लोग 'विशेष' हो जाते हैं, फिर चाहे वह सड़क पर हों, सरकारी दफ्तर में, अस्पताल में, या फिर मंदिर में!

इसी प्रकार से अक्सर बड़े नेताओं और अधिकारियों की सुरक्षा के नाम पर ट्रैफिक रोका जाता है, जबकि आम जनता घंटों जाम में फंसी रहती है। अस्पतालों में वीआईपी वार्ड अलग से बनाए जाते हैं, जबकि आम मरीजों को बिस्तर तक नहीं मिलता। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर वीआईपी यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं होती हैं, जबकि आम जनता लंबी कतारों में खड़ी रहती है। वीआईपी कल्चर एक नासूर की तरह है।इसी लिये हर सरकार वीआईपी कल्चर खत्म करने के वादे और बात करती है, लेकिन असल में इसे बनाए रखने के नए तरीके ढूंढे जाते हैं। मंदिरों और तीर्थ स्थलों में भी यह भेदभाव खत्म होना चाहिए, क्योंकि भगवान के दरबार में वीआईपी और आम आदमी का भेद न्यायसंगत नहीं हो सकता।

सबसे बड़ी बात यह है कि जब तक जनता खुद इस संस्कृति को स्वीकार करती रहेगी, तब तक वीआईपी कल्चर खत्म नहीं होगा। बदलाव तभी आएगा जब लोग अपने अधिकारों को समझेंगे और भक्ति से लेकर लोकतंत्र तक समानता की मांग करेंगे।अनेक धर्मस्थलों में 400-500 रुपए तक का अतिरिक्त शुल्क लेकर मंदिरों में देवताओं के विग्रह के अधिकतम निकटता तक जल्दी पहुंचा जा सकता है। यह व्यवस्था शारीरिक और आर्थिक बाधाओं का सामना करने वाले वी.आई.पी. प्रवेश शुल्क देने में असमर्थ साधारण भक्तों के प्रति असंवेदनशील है। इससे शुल्क देने में असमर्थ भक्तों से भेदभाव होता है। विशेष रूप से इन वंचित भक्तों में महिलाएं तथा बुजुर्ग अधिक बाधाओं का सामना करने वाले शामिल हैं।

# राजनीति की गहरी परतों से रूबरू कराता पाताल लोक

पाताल लोक' के दूसरे सीजऩ ने मनोरंजन के स्तर को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। जहां पहला सीजऩ अपने उत्कृष्ट लेखन और दिलचस्प किरदारों के लिए मशहूर हुआ था, वहीं दूसरा सीजऩ उस विरासत को और भी भव्यता के साथ आगे बढ़ाता है। इस बार की कहानी इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी (जयदीप अहलावत) और एसीपी अंसारी (इश्वाक सिंह) के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी अपनी जांच के दौरान ऐसे मोड़ पर पहुंचते हैं, जहां उनकी राहें आपस में टकरा जाती हैं।2025 की शुरुआत, दर्शकों के लिए वेब सीरीज़ की दुनिया में एक सुनहरा दौर लेकर आई है। पहले विक्रमादित्य मोटवानी की ब्लैक वारंट' ने दर्शकों का मन मोहा, और अब बहुप्रतीक्षित सीरीज़ पाताल लोक' के दूसरे सीजऩ ने मनोरंजन के स्तर को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। जहां पहला सीजऩ अपने उत्कृष्ट लेखन और दिलचस्प किरदारों के लिए मशहूर हुआ था, वहीं दूसरा सीजऩ उस विरासत को और भी भव्यता के साथ आगे बढ़ाता है।इस बार की कहानी इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी (जयदीप अहलावत) और एसीपी अंसारी (इश्वाक सिंह) के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी अपनी जांच के दौरान ऐसे मोड़ पर पहुंचते हैं, जहां उनकी राहें आपस में टकरा जाती हैं। इस टकराव के बाद उन्हें नागालैंड की ओर रुख करना पड़ता है, जहां एक बड़ी राजनीतिक और सामाजिक समस्या उभरती हुई दिखाई देती है। कहानी नागालैंड और दिल्ली के बीच घूमती है, जिसके केंद्र में नॉर्थ ईस्ट के एक बड़े लीडर की देश की राजधानी में हुई राजनीतिक हत्या है, जिससे इस कहानी की शुरुआत होती है।सीरीज़ में तीन मुख्य पहलुओं को गहराई से उजागर किया गया है। पहला है मानवीय संबंधों की जटिलता। इस कहानी में ह्यूमन रिलेशन्स और उनकी बारीकियों पर बहुत गहराई से काम किया गया है। इस कहानी का लेखन और इसकी मेकिंग इसे बस एक फ़िल्मी शो बनाने से बचाती है और ज़मीन से जोड़कर ही नहीं, बल्कि गाड़कर रखती है। फिर चाहे नागालैंड का केस हो और वहां मिले लोग या फिर ज़िंदगी की उथल पुथल में कई बार चक्की में पिसते अनजान और मासूम लोग, सभी किरदारों पर काफी एम्पथी से नजऱ डाली गई है।दूसरा अहम् पक्ष है, दोस्ती का महत्व और ताकत'। इस कहानी में किरदारों की दोस्ती और उस दोस्ती की ताकत को काफी वास्तविक तरीके से रेखांकित किया गया है। कहानी के सभी सबप्लॉट्स इतने ज़मीनी और आम ज़िंदगी से जुड़े हुए लगते हैं, जैसे कि तमाम घटनाक्रम अपने आस पास के ही हों।पाताल लोक की कहानी का तीसरा मज़बूत आयाम है इसके मुख्य किरदार इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी का अपने कर्तव्यों को निभाने का जुनून। वो हमेशा अपनी दाल रोटी चलाने वाली नौकरी और समाज व इंसानियत के प्रति अपनी ड्यूटी को अलग अलग परिभाषित करके जीता है। उसके लिए उसकी प्रतिबद्धता सिर्फ़ ऑफिस तक सीमित नहीं रह कर उसके दिल, उसकी भावना से जुड़े होते हैं और वो बिना अपनी परवाह किये बिना उसे सुलझाने में लगा रहता है।पाताल लोक' के क्रिएटर हैं सुदीप शर्मा जो इस ज़बरदस्त कहानी के लेखक भी हैं। सुदीप शर्मा के बारे में ये बता देना ज़रूरी है कि उन्होंने इससे पहले नेटफ़्लिक्स के लिए कोहरा' नाम की एक सीरीज़ बनाई थी जो कि पंजाब की पृष्ठभूमि पर थी और काफ़ी सराही गई थी।

-पंकज दुबे-

# मंदी के चपेट में आने वाली है भारतीय अर्थव्यवस्था

बजट सप्ताह के पहले दिन यानी 27 जनवरी को शेयर बाजार में निवेशकों को 9.5 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। विगत कुछ दिनों से निवेशकों को शेयर बाजार में लगातार नुकसान हो रहा है।हालांकि, इसका कारण देश में मंदी की आहट कतई नहीं है। इसका मुख्य कारण अमेरिका के सेंट्रल बैंक द्वारा भारत में बजट पेश करने से पहले नीतिगत निर्णय की घोषणा करने की संभावना, चीन के र्आिटफशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप डीपसीक मॉडल की लोकप्रियता में वृद्धि, भारतीय कंपनियों के दिसम्बर तिमाही के नतीजे का अपेक्षित नहीं रहना आदि हैं। दरअसल, भू-राजनैतिक संकट, लाल सागर में हूती विद्रोहियों की उपस्थिति आदि के कारण भारत के आयात-निर्यात तथा आपूर्ति श्रृंखला पर नकारत्मक प्रभाव पड़ रहा है और आर्थिक गतिविधियों में कमी आने के कारण कंपनियों का तिमाही मुनाफा कम हो रहा है।राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने 7 जनवरी 2025 को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पहला अग्रिम अनुमान जारी किया और इस अवधि में रियल जीडीपी वृद्धि दर के 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले वित्त के दौरान 8.2 प्रतिशत रही थी। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान रियल जीडीपी के 6.6 प्रतिशत की दर से आगे बढने का अनुमान जताया है। एनएसओके अनुसार नॉमिनल जीडीपी वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 9.7 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है, लेकिन भारत में जीडीपी गणना एवं लेखा-जोखा रियल जीडीपी के संदर्भ में की जाती है। भारत की अर्थव्यवस्था मूल रूप से खपत आधारित है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में खपत में उल्लेखनीय कमी आई है। मुद्रास्फीति के कारण उपभोक्ताओं की क्रय क्षमता कम हुई है। किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके बढने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग घट जाती है। फिर, उनकी बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। रेपो दर फरवरी 2023 से 6.5 प्रतिशत के स्तर पर बरकरार है, जिसके कारण उधारी दर भी उच्च स्तर पर बनी हुई है।15 नवम्बर 2024 तक ऋण उठाव घटकर 11.1 प्रतिशत रह गया, जो विगत वर्ष आलोच्य अवधि में 20.6 प्रतिशत रहा था। इस अवधि में जमा वृद्धि दर में भी उल्लेखनीय कमी आई है और इसकी औसत वृद्धि दर मार्च से महज 6.7 प्रतिशत है। बैंक जमा में आई कमी की प्रतिपूर्ति के लिए बैंक सरकारी बॉन्डस को परिपक्वता तिथि से पहले भुना रहे हैं। फिलवक्त, मुद्रास्फीति के कारण जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 में मुद्रास्फीति के भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के आसार हैं, लेकिन इसके कई दुष्परिणामों को दृष्टिगत करके मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) और केंद्रीय बैंक, रेपो दर में कटौती करने से गुरेज कर रही है।अगर हम वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर से भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना करें तो हमारी अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर से बहुत ऊपर है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के अनुसार 2024 में वैंकि जीडीपी वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत रही और 2025 में 3.3 प्रतिशत रह सकती है। वहीं, अंतरराष्टीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक वैंकि अर्थव्यवस्था 2024 में 3.1 प्रतिशत और 2025 में 3.2 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है। दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका से भी भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है और आगामी वर्षो में भी इसके मजबूत बने रहने के आसार हैं। वित्त वर्ष 2024 के दौरान अमेरिका में विकास दर के 2.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 2.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है।वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर के 6.7 प्रतिशत रहने और दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत रहने के बाद कुछ अर्थशास्त्री और कुछ देसी एवं वैंकि एजेंसियां भारतीय अर्थव्यवस्था के मंदी के गिरफ्त में आने की बात कर रहे हैं, लेकिन मंदी की परिभाषा के अनुसार जब किसी देश की वृद्धि दर सुस्त पडने् लगती है, बेरोजगारी दर में इजाफा होता है और महंगाई दर ऊंची बनी रहती है तो वह देश मंदी की गिरफ्त में आ जाता है। यह भी माना जाता है कि किसी देश की जीडीपी में अगर दो तिमाहियों में लगातार गिरावट दर्ज की जाती है तो भी वह देश मंदी की चपेट में आ जाता है। इस परिप्रेक्ष्य में मंदी के लक्षण भारतीय अर्थव्यवस्था में दृष्टिगोचर हो रहे हैं या नहीं इस बात की गहन पड़ताल करने की जरूरत है। जल्दबाजी में यह कहना कि भारतीय अर्थव्यवस्था मंदी की गिरफ्त में आने वाली है, गलत होगा। कोरोना महामारी के दौरान अप्रैल 2020 में बेरोजगारी दर 23.50 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई थी और सबसे कम सितम्बर 2022 में 6.40 प्रतिशत के स्तर पर रही थी। अभी मुद्रास्फीति की वजह से न कोई कंपनी बंद हुई है और न ही कामगारों की छंटनी की गई है। बेशक, चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर के घटकर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है, लेकिन विगत 2 तिमाहियों में जीडीपी में गिरावट दर्ज नहीं हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह 6.7 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत रही है, लेकिन वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी।अभी आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती आने का एक बड़ा कारण मुद्रास्फीति है और शेयर बाजार में निवेशकों के पैसे डूबने के दूसरे कारण हैं।

-सतीश सिंह-

## कविता
## असीर (कैदी)

घटती-घटना



जयंती खूंटे
चिल्हाटी,बिलासपुर
छत्तीसगढ़

गम नहीं ज़माने में रुसवाई की,
जुदाई में बीते कितने शाम-ओ-सहर
करोगे क्या शुमार करके....
हमें सलीके न सिखाओ हद में रहने की,
हम तो असीर हैं उनके मोहब्ब के....
रूखसारों पे अश्क नहीं तड़प है अब्सारों की,
यूं न कहो वो बेवफा है एतराज है मुझे
ऐसे अल्फाजों से...
आदत है हमें आब-ए-चश्म छुपाने की,
बेपनाह मोहब्बत है उनके लिए दिल में...
गुस्ताख़ी न करो मोहब्बत को जलील करने की,
चाहे लाख लगा दो बेड़ियां पैरों में...
है मेरे दिल के अंजुमन में रौशनी उनकी की,
बरकरार रखेंगे तबस्सुम लबों पे ग़म नहीं
किसी अजाब् की...
शब -ए-जिंदगी भले ही
गुज़रे इन्तज़ार में.....
हमें सलीके न सिखाओ हद में रहने की ,
हम तो असीर हैं उनके मोहब्बत के....

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

## नगरी निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025

# नगरीय निकायों में ईवीएम मशीन के माध्यम से होगी वोटिंग,मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए करें जागरूक:आयुक्त अजय सिंह

## राज्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदान पूर्व तैयारी की समीक्षा की...




-संवाददाता-
अम्बिकापुर,30 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।
राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त श्री अजय सिंह नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत मतदान पूर्व तैयारियों का जायजा लेने एक दिवसीय सरगुजा दौरे पर रहे। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन के सम्बन्ध में कलेक्टरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इनके साथ आयोग के सचिव श्री सर्वेश्वर नरेंन्द्र भुरे, नोडल अधिकारी नगर पालिक एवं नगर पंचायत निर्वाचन (पुलिस) श्री ओ.पी. पाल, आयोग के उप सचिव श्री आलोक कुमार श्रीवास्तव, जनसम्पर्क विभाग के उप संचालक श्री लक्ष्मीकांत कोसरिया एवं निज सचिव श्री बलराम देवांगन भी उपस्थित रहे।

बैठक में सरगुजा संभाग आयुक्त श्री नरेंद्र दुग्गा, आईजी सरगुजा श्री अंकित गर्ग, कलेक्टर श्री विलास भोसकर, पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक सहित निर्वाचन से सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त श्री अजय सिंह ने कहा कि स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया है, तैयारी अच्छी है। उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीनों के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है, क्योंकि इस बार एक ही मशीन में महापौर और पार्षद के लिए मतदाता को दो बार वोट देना होगा। उन्होंने मतदाताओं को ईवीएम मशीन के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्रदाय कर जागरूक करने कहा । उन्होंने अधिकारियों को आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और आचार संहिता उल्लंघन के प्रकरण को समय सीमा में त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे निर्वाचन तैयारी की सराहना की एवं नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन सुचारू एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करने आवश्यक निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक ने बैठक में निर्वाचन के सम्बन्ध में जिले की जानकारी उपलब्ध करायी। उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों में कुल 134277 मतदाता एवं त्रिस्तरीय पंचायत में 542354 मतदाता है। नगरीय निकायों में मतदान केंद्र 173 है, जिसमें 10 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं।वहीं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए 1099 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से संवेदनशील 77 एवं अति संवेदनशील 12 मतदान केंद्र हैं। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन सुचारू एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के लिए आवश्यक व्यवस्था, अधिकारी कर्मचारियों की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम, नगरीय निकाय नामांकन की स्थिति, पंचायत निर्वाचन नामांकन की स्थिति, स्ट्रांग रूम, कमीशनिंग स्थल, मतगणना केंद्र, मतपत्र मुद्रण की व्यवस्था, निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम, रूट चार्ट, वाहन व्यवस्था की जानकारी दी।

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कहा कि महापौर, अध्यक्ष, पार्षद के लिए ईवीएम मशीन से वोटिंग होगा। मतदाताओं को ईवीएम मशीन के संबंध डेमो कर जागरूक करें। पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने वाले निर्वाचन कार्य लगे अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिस बल को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संभाग आयुक्त श्री नरेंद्र दुग्गा ने जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे निर्वाचन की तैयारी के सम्बन्ध में अवगत कराया तथा कहा कि निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण संपन्न होगी। वहीं पुलिस महानिरीक्षक श्री अंकित गर्ग ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सुचारू रूप संचालन एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी।

## स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल,मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



आज राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत मतदान पूर्व तैयारियों की जायजा लेने एक दिवसीय सरगुजा प्रवास पर रहे। इनके साथ आयोग के सचिव श्री सर्वेश्वर नरेंन्द्र भुरे, नोडल अधिकारी नगर पालिक एवं नगर पंचायत निर्वाचन (पुलिस) श्री ओ.पी. पाल, आयोग के उप सचिव श्री आलोक कुमार श्रीवास्तव, जनसम्पर्क विभाग के उप संचालक श्री लक्ष्मीकांत कोसरिया एवं निज सचिव श्री बलराम देवांगन भी उपस्थित रहे। आयोग के आयुक्त श्री अजय सिंह ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी सहित अन्य मूलभूत आवश्यकताओं को समय पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए । उन्होंने मतगणना स्थल में बिजली, पेयजल, शौचालय, पर्याप्त बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, एजेंट के बैठने की व्यवस्था, मतगणना कक्ष की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान दलों के प्रशिक्षण का भी अवलोकन किया तथा मास्टर ट्रेनर्स को मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया के सभी पहलुओं को बारीकी से अवगत कराने कहा। उन्होंने डाकमत पत्र का भी अवलोकन किया। निरीक्षण की कड़ी में मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को सभी जरूरी व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सरगुजा संभाग आयुक्त श्री नरेंद्र दुग्गा, आईजी सरगुजा श्री अंकित गर्ग, कलेक्टर श्री विलास भोसकर, पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक सहित निर्वाचन से सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय ख्यति दिलवाई है...



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,30 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।
नगर निगम चुनावों में कांग्रेस पार्टी के महापौर और पार्षद उम्मीदवारों के लिये आज पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने शहर के 9 वार्डो में सघन प्रचार प्रसार किया। प्रचार प्रसार के दौरान उन्होंने पार्षदों के कार्यालय के उद्घाटन के साथ ही साथ डोर-टू-डोर जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाओं को भी संबोधित किया । जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभाओं के दौरान उन्होंने मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं के समक्ष पार्टी का पक्ष रखने के साथ ही साथ नागरीय निकाय चुनाव में वोटिंग मशीन पर तय की गई नई मतदान प्रणाली से भी अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि स्थानीय निर्वाचन नागरीय निकाय चुनाव में वोटिंग मशीन से मतदान करवा रहा। मतदाताओं को एक ही वोटिंग यूनिट में महापौर और पार्षद के लिए दो बार बटन दबा कर मतदान करना है। प्रचार के दौरान अधिकांश मतदाताओं ने मतदान की इस नई प्रणाली से अनभिज्ञता जाहिर किया। तब जनसंपर्क और सभाओं में उन्होंने नई मतदान प्रणाली से मतदाताओं को बारीकी से समझाया। उन्होंने इस बात का आश्चर्य व्यक्त किया कि निर्वाचन विभाग नई मतदान पद्धति से मतदाताओं को अवगत नहीं करा पा रहा है। उन्होंने निर्वाचन विभाग से अनुरोध किया है कि विभाग नागरीय निकाय चुनाव में मतदान की पद्धति को लेकर सघन शैक्षणिक प्रचार प्रसार प्रारंभ करे ताकि मतदान को लेकर मतदाताओं में फैले भ्रम को दूर किया जा सके। प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि निगम में 10 वर्ष के सेवा के दौरान कांग्रेस की शहरी सरकार ने शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय ख्यति दिलवाई है। 118 करोड़ के अमृत मिशन योजना के माध्यम से घर घर तक पेयजल पहुँचाया। इसका नतीजा है कि आज टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति पर निर्भरता समाप्त हो गई है। कांग्रेस की नागरीय सरकार ने गांधी स्टेडियम को शानदार खेल परिसर में बदल दिया है। शहर के अंदर नवीन सब्जी मंडी, निगम का नया कार्यालय, कई व्यावसायिक परिसर की स्थापना की है। इस दौरान उनके साथ जे पी श्रीवास्तव,शफी अहमद, गोपाल गुप्ता, अरविंद सिंह, मो इस्लाम, अनूप मेहता, गुरुप्रीत सिधु, निखिल विश्वकर्मा, सुधांशु गुप्ता आदि मौजूद थे।

### कानून व्यवस्था के क्षेत्र में सरकार कमजोरी दूर करे

अम्बिकापुर शहर और सरगुजा जिले में कानून व्यवस्था की चरमराई व्यवस्था को लेकर उन्होंने चिंता व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों पर हमले हो रहे हैं और उन्हें धमकाया जा रहा है। जब कानून व्यवस्था को सम्हालने वाले ही सुरक्षित नहीं है तो आम नागरिकों की सुरक्षा तो भगवान भरोसे है। उन्होंने प्रदेश सरकार को प्रशासनिक दुर्बलता से बाहर आकर आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा।

# कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन कर हुआ दो मिनट का मौन धारण

-संवाददाता-
अम्बिकापुर 30 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।
राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा महात्मा गांधी को नमन करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान सभी ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त श्री डी एन कश्यप, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, श्री रामसिंह ठाकुर सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।



## अल्पसंख्यक कांग्रेस सरगुजा की नई कार्यकारिणी घोषित,संगठन को मजबूत करने पर जोर

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,30 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग सरगुजा के अध्यक्ष रशीद अहमद अंसारी ने आज अपने जिले की कार्यकारिणी घोषित की है। इस कार्यकारिणी में पांच उपाध्यक्ष, दस महामंत्री, नौ संयुक्त महामंत्री, 13 सचिव तथा एक कोषाध्यक्ष को शामिल किया गया है। अध्यक्ष अंसारी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से यह उम्मीद की है कि वह कांग्रेस पार्टी की रीति नीति का पालन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे, कांग्रेस के विचारधारा के प्रति समर्पित होकर पूरी निष्ठा और कर्मठता के साथ निरंतर कार्य करेंगे। वर्तमान में संपन्न होने वाले नगर निकाय और पंचायत के चुनाव में सक्रिय रूप से अपना योगदान देकर कांग्रेस समर्थक प्रत्याशियो को विजय बनाने का प्रयास करेंगे।



## रुपए दोगुनी करने का झांसा देकर 8 करोड़ की ठगी

### चिटफंड कंपनी के जोनल मैनेजर गिरफ्तार

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,30 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।
गांधीनगर पुलिस ने चिटफंड कंपनी के जोनल मैनेजर को रांची से गिरफ्तार किया है। वेलफेयर बिल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का कार्यालय अंबिकापुर में खोलकर कम समय में रुपए दुगनी करने का झांसा देकर निवेशकों से 8 करोड़ रुपए से अधिक राशि का ठगी किया गया था। निवेशकों की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार वेलफेयर बिल्डिंग प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी के डायरेक्टर व अन्य कर्मचारियों द्वारा अम्बिकापुर के नमनाकला में कार्यालय खोलकर कंपनी का संचालन किया जा रहा था। एजेंट नियुक्त कर कंपनी द्वारा निवेशकों को झांसा दिया गया था कि कंपनी में रुपए निवेश करने पर कम समय में दुगनी कर दिया जाएगा। कंपनी के झांसे में आकर कई लोगों ने रुपए निवेश किया था। निवेशकों से करीब 8 करोड़ से अधिक रुपए जमा करने के बाद कंपनी अंबिकापुर में कार्यालय बंद कर फरार हो गया था। मामले की रिपोर्ट निवेशक देवराज यादव निवासी मैनपाट ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में 4 सितंबर 2024 को दर्ज कराई थी। पुलिस कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी।पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर काफी दिनों से फिराक में थी। पुलिस टीम आरोपी का लोकेशन मिलने पर रांची रवाना हुई थी। पुलिस ने आरोपी विनीत पाण्डेय पिता कामेश्वर पाण्डेय उम्र 52 वर्ष निवासी हीनू थाना डोरंडा रांची को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 व 34 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# अप्रवासियों को हिरासत में लेने वाले कानून पर ट्रंप ने किया हस्ताक्षर



## अवैध प्रवासियों को सुनवाई से पहले हिरासत में लिया जा सकेगा...
## गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड वालों को ग्वांतानामो बे भेजा जाएगा...
## 30000 क्षमता वाला डिटेंशन सेंटर बनाने का भी दिया आदेश...

वाशिंगटन,30 जनवरी 2025। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रवासी हिरासत कानून पर हस्ताक्षर किया है। यह कानून चोरी, सेंधमारी जैसे मामलों में आरोपित अवैध प्रवासियों को सुनवाई से पहले हिरासत में लेने का अधिकार देता है। लेकिन रेले एक्ट पद संभालने के बाद पहला कानून है जिस पर उन्होंने हस्ताक्षर किया है। इस कानून का नाम जार्जिया की 22 वर्षीय नर्सिंग छात्रा लेकन रेले के नाम पर रखा गया, जिसकी एक अवैध आप्रवासी ने हत्या कर दी थी। ट्रंप ने कहा कि जिस कानून पर आज हस्ताक्षर कर रहा हूं, उसके तहत होमलैंड सिक्योरिटी विभाग को उन सभी अवैध विदेशियों को हिरासत में लेना होगा, जिन्हें चोरी, सेंधमारी, पुलिस अधिकारी पर हमला, हत्या या किसी ऐसे अपराध के लिए गिरफ्तार किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप मौत या किसी को गंभीर चोट आई हो।

### क्या है एफ-1 वीजा



एफ और एम वीजा श्रेणियों में अस्थायी प्रवेश की किसी भी व्यापक श्रेणी की तुलना में अधिक समय तक रुकने की दर सबसे अधिक है। एफ-1 वीजा किसी व्यक्ति को मान्यता प्राप्त कॉलेज, विश्वविद्यालय, अकादमिक हाई स्कूल, प्राथमिक विद्यालय या अन्य शैक्षणिक संस्थान या भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्णकालिक छात्र के रूप में अमेरिका में प्रवेश की अनुमति देता है। वान ने कहा कि ब्राजील, चीन, कोलंबिया और भारत में से प्रत्येक के 2,000 से अधिक नागरिक 2023 में छात्र/विनिमय वीजा से अधिक समय तक रुके थे, जिनमें भारतीयों की संख्या सबसे अधिक 7,000 थी।

### डिटेंशन सेंटर बनाने का आदेश

वहीं, ट्रंप ने एक प्रेसिडेंशियल मेमोरेंडम पर भी हस्ताक्षर किया। इसके अनुसार, ग्वांतानामो बे में उच्च प्राथमिकता वाले अपराधियों को हिरासत में रखने के लिए ग्वांतानामो बे में 30,000 क्षमता वाला डिटेंशन सेंटर स्थापित करने का आदेश दिया गया है। बे का उपयोग अब तक आतंकवादियों को रखने के लिए किया जाता रहा है। ट्रंप ने कहा कि उनमें से कुछ इतने खतरनाक हैं कि उन्हें उनके घरेलू देश भेजना कम होगा। हम नहीं चाहते कि वे वापस आएं, इसलिए उन्हें ग्वांतानामो भेजने जा रहे।

### जन्मजात नागरिकता को प्रतिबंधित करने के लिए सीनेट में बिल पेश

रिपब्लिकन सीनेटरों ने अवैध आप्रवासियों और अस्थायी वीजा पर गैर-आप्रवासियों के बच्चों के लिए जन्मजात नागरिकता को प्रतिबंधित करने के लिए सीनेट में विधेयक पेश किया। अमेरिका दुनिया के उन 33 देशों में से एक है जहां जन्मजात नागरिकता पर कोई प्रतिबंध नहीं है। यह कदम ट्रंप के आदेश पर कोर्ट की ओर से लगाए गए रोक के बाद उठाया गया है।

### 2023 में अमेरिका में तय समय से अधिक रुके 7,000 से अधिक भारतीय छात्र और आगंतुक

सेंटर फॉर इमिग्रेशन स्टडीज की जेसिका एम वान ने न्यायपालिका पर अमेरिकी हाउस समिति को इमिग्रेशन पॉलिसी में कई सुधारों का सुझाव दिया, जिनमें एच-1बी वीजा से संबंधित सुधार भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 2023 में भारत के 7,000 से अधिक छात्र और आगंतुक तय समय से अधिक रुके थे। उन्होंने कहा कि 32 देशों में छात्र/आगंतुकों की अधिक समय तक रहने की दर 20 प्रतिशत से अधिक है।

# कूटरचित कर आदिवासी भूमि को गैर आदिवासी करा लिया था अपने नाम

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,30 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



कूटरचित कर आदिवासी की 55 डिसमिल भूमि को गैर आदिवासी द्वारा अपने नाम करा लिया था। भाजपा नेता की शिकायत पर कलेक्टर ने मामले की जांच कराई थी। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर दोषी पर रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

तहसील अम्बिकापुर के ग्राम पंचायत सुमेरपुर स्थित दर्रीडीह के मुख्य मार्ग पर आदिवसी की 55 डिसमिल भूमि को रेवेन्यू बोर्ड का फर्जी आदेश बनाकर सामान्य व्यक्ति सलीम जावेद, बिजेन्द्र गुप्ता को 25 लाख रूपये में विक्रय किया गया था। इसकी शिकायत भाजपा नेता आलोक दुबे ने कलेक्टर से की थी। कलेक्टर ने मामले की जांच नायब तहसीलदार रघुनाथपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा) धौरपुर से कराई थी। जांच में पाया गया कि ग्राम दर्रीडीह तहसील लुण्ड्रा स्थित भूमि खसरा कमांक 48/2 रकबा 0.210 हे. भूमि जो सर्वे सेटलमेंट में गैर मजरूआ सरकार परती मद में दर्ज है तथा वाद भूमि शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि है जिसके विक्रय से पूर्व संहिता की धारा 165 (7) (ख) के तहत कलेक्टर से सक्षम अनुमति प्राप्त नहीं की गई है। सलीम जावेद पिता अब्दुल सत्तार द्वारा कूटरचित कर राजस्व मण्डल बिलासपुर के फर्जी एवं आदेश प्रस्तुत कर आदिवासी भूमि को गैर आदिवासी के पक्ष में अन्तरण कराते हुए अपने नाम पर दर्ज करा लिया है। जांच में उपरोक्त तथ्य सही पाए जाने पर ग्राम दर्रीडीह तहसील लुण्ड्रा स्थित भूमि खसरा नंबर 48/2 रकबा 0.210 हे. भूमि के संबध में हुए समस्त अंतरण को संहिता की धारा 165 (10) के अकृत एवं शुन्य घोषित करते हुये उक्त भूमि को पूर्ववत शासकीय मद में दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं दोषी सलीम जावेद पिता अब्दुल सत्तार निवासी पर्राडांड अम्बिकापुर के विरुद्ध संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश 30 जनवरी तक दिए गए हैं।



## भाजपा महापौर प्रत्याशी मंजूषा भगत हैं घर-घर जनसंपर्क अभियान में...

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,30 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

घर-घर जनसंपर्क की अभियान के तहत अंबिकापुर निगम भाजपा महापौर प्रत्याशी मंजूषा भगत वार्डों में जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही हैं। जन संपर्क के तहत मंजूषा भगत सुबह ही पी जी कॉलेज अम्बिकापुर के ग्राउंड पहुंची जहां नागरिकों और खिलाड़ियों से मिलकर उन्होंने महापौर चुनाव के लिए उनका आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार गोधनपुर वार्ड क्रमांक 5 में घर घर संपर्क कर वार्ड के मतदाताओं से महापौर सहित वार्ड के पार्षद प्रत्याशी शिवमंगल सिंह के लिए समर्थन का आग्रह किया। मंजूषा भगत ने कहा कि वार्ड वासियों से मिल रही हूं और भाजपा के प्रति जबरदस्त लहर देखकर मन उत्साहित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पिछले कार्यकाल के कुशासन व केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश के विष्णुदेव सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की वजह से पूरा वातावरण भाजपामय है, निश्चित ही हम सबकी मेहनत रंग लाएगी और इस बार नगर निगम अम्बिकापुर में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

# बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,30 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी 16 जनवरी को जिला अस्पताल से एक मरीज की बाइक चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार भोला प्रसाद निवासी नमनाकला दत्ता कॉलोनी थाना गांधीनगर का रहने वाला है। वह 16 जनवरी को बाइक क्रमांक सीजी 16 सीएम 5720 से जिला अस्पताल इलाज कराने गया था। वह बाइक को पार्किंग में खड़ा किया था। इलाज कराने के बाद वापस बाहर आया तो उसकी बाइक पार्किंग में नहीं थी। किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई थी। वह मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई थी। ममले में पुलिस ने आरोपी संतोष पिता वासुदेव उम्र 23 वर्ष निवासी झग्गड़पुर थाना पत्थलगांव जिला जशपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक भी जब्त की है। पुलिसस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# गायत्री परिवार का 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ पांच फरवरी से,चल रही भव्य तैयारी

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,30 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



राष्ट्रीय जागरण शक्ति संवर्धन 24 कुंडली गायत्री महायज्ञ नगर के कला केंद्र मैदान में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गायत्री शक्तिपीठ अंबिकापुर के तत्वावधान में पांच फरवरी से आरंभ होने जा रहा है। इस बड़े धार्मिक आयोजन की तैयारी में गायत्री शक्तिपीठ से जुड़े पदाधिकारी व सदस्य लगे हुए हैं। इसको लेकर बैठक आयोजित हुई जिसमें सभी को जिम्मेदारी दी गई है।

गायत्री शक्तिपीठ से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि पहले दिन पांच फरवरी को दोपहर 12 बजे से सतगुरु गंगा शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। शाम छह बजे से ध्यान साधना, कलश स्थापना, आदिशक्ति युग शक्ति पर संगीत प्रवचन होगा। दूसरे दिन छह फरवरी को सुबह सात बजे से देव पूजन, यज्ञ विज्ञान, संदेश, गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कार होंगे। दोपहर दो बजे से संगठनात्मक कार्यकर्ता गोष्ठी। शाम चार बजे से नारी शक्ति सम्मेलन, गीत संगीत प्रज्ञा प्रवचन आयोजित है। तीसरे दिन सात फरवरी को प्रातः आठ बजे से गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कार होंगे। अपरान्ह तीन बजे से युवा चेतना जागरण। शाम पांच बजे राष्ट्रीय जागरण, भव्य दीप महायज्ञ होगा। चौथे दिवस आठ फरवरी को सुबह आठ बजे से गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कार व पूर्णाहुति होगा। माता जी के जन्म शताब्दी के लिए संकल्प साधना, अंशदान संकल्प, साधना सहित पत्रिका विस्तार एवं टोली विदाई का आयोजन होगा। इस पूरे आयोजन में शांतिकुंज हरिद्वार की टोली यहां आ रही है। गायत्री परिवार के पदाधिकारी ने बताया है कि सभी संस्कार जैसे गुरु दीक्षा, विवाह संस्कार, पुंसवन, नामकरण, मुंडन, विद्यारंभ, यज्ञोपवित संस्कार निश्शुल्क कराए जाएंगे।

# राष्ट्रीय स्तरीय कॉर्फबॉल चैंपियनशिप में सरगुजा के खिलाड़ियों का हुआ चयन

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,30 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।




20वीं राष्ट्रीय सब जूनियर व 36वीं राष्ट्रीय सीनियर कॉर्फबॉल चैंपियनशिप 30 जनवरी से 2 फरवरी तक जालंधर पंजाब में आयोजित है। जिसमें सरगुजा जिले के 6 खिलाड़ी छत्तीसगढ़ कार्फबाल टीम शामिल हुए।

राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ सब-जूनियर कॉर्फबॉल टीम में आयुष बारी, ऋत्विक राज गुप्ता संजना मिंज, रजनी कांता का और छत्तीसगढ़ सिनियर कार्फबाल टीम अभिषेक शर्मा व अल्फा मिंज का चयन हुआ है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने यह भी बताया कि कार्फबाल खेल बास्केटबाल व नेटबाल से मिलता-जुलता मिक्स (बालक, बालिका) रुप से खेला जाता है। सरगुजा जिला में कार्फबाल का राष्ट्रीय स्तर का प्रतियोगिता का आयोजन किया जा चुका है। कार्फबाल के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ियों ने कई पदक जीत चुके हैं, इस अवसर पर संघ से पदाधिकारियों ने अग्रीम बधाई दी।

## स्कूलों के टाइम टेबल में हुआ 8 फरवरी तक बदलाव

-संवाददाता-
एमसीबी,30 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



जिले में पड़ रहे अत्यधिक ठंड के कारण छात्रहित को ध्यान में रखते हुए 27 नवम्बर 2024 से निम्नानुसार जिले के समस्त शालाओं (शासकीय/ अशासकीय/ अनुदान प्राप्त शालाओं) के संचालन हेतु 31 जनवरी 2025 तक निर्धारित किया गया था। वर्तमान में अत्यधिक ठंड को दृष्टिगत रखते हुए उक्त आदेश को 8 फरवरी 2025 तक यथावत रखा गया है। दो पाली में संचालित होने वाली शालाएं- प्रथम पाली सोमवार से शनिवार प्रातः 9:00 बजे से 12:30 बजे तक, दो पाली में संचालित होने वाली शालाएं -द्वितीय पाली सोमवार से शनिवार अपरान्ह 12:45 बजे से 4:15 बजे तक तथा एक पाली में संचालित होने वाली शालाएं- सोमवार से शनिवार प्रातः 10:30 बजे से 03:30 बजे तक संचालित होंगी।

# जिला पंचायत सदस्य हेतु 13 नामांकन-पत्र किए गए क्रय,23 प्रत्याशियों ने किया नामांकन-पत्र दाखिल

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,30 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिला पंचायत के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया 27 जनवरी से शुरू हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाम निर्देशन के चौथे दिन गुरुवार को जिला पंचायत सदस्य हेतु 13 नामांकन पत्र क्रय किए गए। वहीं 23 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। बता दें नामांकन प्रक्रिया 3 फरवरी 2025 को अपराह्न 3 बजे जनसूचना अधिकारी कक्ष में पूरी होगी, जबकि नामांकन की संवीक्षा इसी कक्ष में 4 फरवरी को सुबह 10 बजे से होगी। अभ्यर्थी 6 फरवरी को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण का मतदान 17 फरवरी, द्वितीय चरण का मतदान 20 फरवरी तथा तृतीय चरण का मतदान 23 फरवरी को होगा। मतगणना मतदान के तुरंत बाद संबंधित मतदान केंद्रों पर की जाएगी। प्रथम चरण का परिणाम 20 फरवरी, द्वितीय चरण का परिणाम 23 फरवरी, तृतीय चरण का परिणाम 25 फरवरी को जिला मुख्यालय में ही घोषित किया जाएगा।



CMYK

# जो काम पूर्व जिलाध्यक्ष रहते नहीं किया...वह काम उन्होंने वर्तमान जिलाध्यक्ष से करा दिया...भाई को पार्टी से निकलवाने का?

**भाई को प्रत्याशी बनाना पूर्व जिलाध्यक्ष को पसंद नहीं अपने अन्य रिश्तेदार के बेटे को प्रत्याशी बनाया और भाई को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया?**

**क्या पूर्व जिलाध्यक्ष के नक्शे कदम पर चल रहे हैं वर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा कोरिया?**

**क्या भाजपा जिलाध्यक्ष को अधिकार है किसी को अपने पार्टी से निकलने का या फिर अनुशंसा करना है उनका अधिकार?**

**पूर्व जिलाध्यक्ष के साढु के बेटे के खिलाफ टिकट मांगना क्या पूर्व जिलाध्यक्ष के भाई को पड़ा महंगा?**

**भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया में संगठन चुनाव के बाद अल्प समय में विवाद प्रारंभ**

**पार्टी के 40 वर्ष पुराने और विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके कार्यकर्ता के निष्कासन का मामला**

**प्राथमिक सदस्यता से निष्कासन का पत्र सोशल मीडिया में जारी होते ही गरमाई राजनीति**

**निष्कासित कार्यकर्ता ने भाजपा जिला अध्यक्ष के ऊपर द्वेषपूर्वक कार्रवाई का लगाया आरोप**

**वहीं जिलाध्यक्ष का कहना की पार्टी एवं पदाधिकारी के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी और आचरण के कारण किया गया है निष्कासन**

**मामला जनपद पंचायत चुनाव में पार्टी समर्थित प्रत्याशी घोषित करने से उत्पन्न हुआ विवाद**

**निष्कासित कार्यकर्ता ने प्रदेश महामंत्री को लिखा पत्र**

-रवि सिंह-
बैकुंठपुर,30 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की गहमा गहमी है। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया में एक कार्यकर्ता के जिलाध्यक्ष द्वारा निष्कासन किए जाने के पत्र के वायरल होते ही जिले की राजनीति गर्मा गई है। भारतीय जनता पार्टी के कोरिया जिले के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी द्वारा अपना हस्ताक्षर युक्त पत्र जारी कर पार्टी कार्यकर्ता विपिन बिहारी जायसवाल का निष्कासन जैसे ही सोशल मीडिया में वायरल हुआ, चर्चा का विषय बन गया। निष्कासन पत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष ने पार्टी एवं पार्टी पदाधिकारी से अमर्यादित व्यवहार तथा और अमर्यादित टिप्पणी के कारण अनुशासनहीनता पाए जाने पर विपिन बिहारी जायसवाल की प्राथमिक सदस्यता समाप्त कर दी। जैसे ही यह पत्र सोशल मीडिया में वायरल हुआ निष्कासित कार्यकर्ता विपिन बिहारी जायसवाल ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री पवन साय जी को पत्र लिखकर भाजपा जिलाध्यक्ष के ऊपर झूठा







लांछन लगाने एवं एकतरफा कार्यवाही का आरोप लगाते हुए निष्कासन रद्द करने की मांग की है। विपिन बिहारी जायसवाल ने संगठन महामंत्री को लिखे अपने पत्र में उल्लेख किया है कि बगैर किसी नोटिस के और बिना किसी सुनवाई के उन्हें पार्टी से निष्कासित किया गया है, जो की पूरी तरह गलत है। बिना उनका पक्ष सुने उन्हें पार्टी से कैसे निष्कासित किया जा सकता है। जबकि उन्होंने 40 वर्षों से लगातार कई दायित्वों का निर्वहन करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सेवा की है। विपिन बिहारी जायसवाल ने अपने ऊपर लगाये गये अनुशासनहीनता के आरोप को निराधार बताया है। और कहा की उन्होंने कोई अमर्यादित टिप्पणी या किसी प्रकार की कोई अनुशासनहीनता नहीं की है।




मामला जनपद पंचायत चुनाव को लेकर जिले में भाजपा समर्थित प्रत्याशी बनने को लेकर है। कोरिया जिले के बैकुंठपुर जनपद के जनपद क्षेत्र क्रमांक छिंदिया से कई दावेदारों ने भारतीय जनता पार्टी के समर्थित प्रत्याशी बनने के लिए आवेदन दिया था। विवाद की स्थिति में भाजपा की टीम ने क्षेत्र में आकर स्थिति का जायजा लिया और अपनी अंतिम सूची में क्षेत्र क्रमांक 11 से भाजपा समर्थित प्रत्याशी के रूप में अंकित जायसवाल को घोषित किया। जो की पूर्व जिलाध्यक्ष के निकट के रिश्तेदार हैं। इस पर अन्य दावेदार विपिन बिहारी जायसवाल ने आपत्ति दर्ज कराई और आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष के एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष के दबाव के कारण वर्तमान संगठन में विपिन बिहारी जायसवाल के बदले अंकित जायसवाल को पार्टी संबंधित प्रत्याशी बनाया है। यह जगविदित है कि विपिन बिहारी जायसवाल भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के सगे भाई हैं, एवं दोनों के आपस में नहीं बनती। विपिन बिहारी जायसवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि पारिवारिक वैमनस्यता के कारण पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने दबाव पूर्वक उनका नाम पार्टी समर्थित प्रत्याशी के रूप में आने नहीं दिया। बड़ा सवाल यह है कि क्या कोरिया जिले के वर्तमान भाजपा अध्यक्ष की पार्टी में नहीं चल रही है, वे पूर्व जिलाध्यक्ष के दबाव में काम कर रहे हैं। इस छोटे से मामले और इस मामले के कारण हुए वरिष्ठ कार्यकर्ता के निष्कासन तथा निष्कासन उपरांत निष्कासित कार्यकर्ता द्वारा संगठन महामंत्री को लिखे गए पत्र से भाजपा जिला संगठन एवं नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष की किरकिरी हो रही है।

## विपिन बिहारी जयसवाल ने पूर्व एवं वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष पर लगाये आरोप

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं जनपद पंचायत बैकुंठपुर के पूर्व उपाध्यक्ष विपिन बिहारी जायसवाल ने भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष के ऊपर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उनके निष्कासन के कार्यवाही में पूर्व जिलाध्यक्ष का हाथ है। आरोप लगाते हुए विपिन बिहारी जायसवाल ने कहा कि जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से उनकी दावेदारी पुख्ता थी, परंतु वर्तमान संगठन, पूर्व जिलाध्यक्ष के हाथों की कठपुतली बना हुआ है। और उन्हीं के कारण मेरी दावेदारी को दरकिनार करते हुए अपने निकटतम रिश्तेदार को पार्टी समर्थित प्रत्याशी बनाया। जिस पर विपिन बिहारी जायसवाल ने वर्तमान जिलाध्यक्ष के साथ फोन पर बात करते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई, तथा काफी लंबी बातचीत के बाद सौहार्दपूर्वक वार्तालाप का पटाक्षेप हुआ। विपिन बिहारी जायसवाल ने आरोप लगाया है कि मेरी इस आपत्ति को ढाल बनाते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष ने अपनी मनमर्जी चलाई और द्वेषपूर्वक वर्तमान जिलाध्यक्ष पर दबाव डालकर उन्हें पार्टी से निष्कासित करने का आदेश प्रसारित किया। विपिन बिहारी जायसवाल ने यह भी आरोप लगाया कि यदि मेरे द्वारा कोई गलत किया गया तो मुझे पार्टी संगठन में अपनी बात रखने का मौका दिया जाना था। नियमानुसार पहले नोटिस जारी की जानी चाहिए थी, उसके बाद उचित कार्यवाही से सबसे पहले मुझे अवगत कराना चाहिए था। परंतु मेरी बदनामी करने के उद्देश्य से निष्कासन पत्र को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया, जो की पूरी तरह गलत है।

# ट्रिपल इंजन बदलेगा चिरमिरी की तस्वीर,स्वयं मंत्री कर रहे है वार्डों का दौरा

## नाराज कांग्रेसी को गमछा पहनाकर कराया भाजपा प्रवेश...
## नहीं सुलझ रही कांग्रेस की उलझी गुत्थी,अकेले भार ढोते दिख रहे डॉ विनय जायसवाल



-रवि सिंह-
चिरमिरी,30 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

नामांकन की आखिरी तारीख के बाद से भाजपा अपने पूरे चुनावी मूड में नजर आने लगी है। बूथ से लेकर नगर निगम के 40 वार्डों में जनसंपर्क जारी है। नामांकन रैली में भाजपा को मिले बड़े जनसमर्थन के बाद से कांग्रेस कमजोर दिखाई देने लगा है। स्कूटनी के दिन नगर निगम चिरमिरी कार्यालय पहुंचे कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी डॉ विनय जायसवाल अब वार्ड पार्षद प्रत्याशियों को हौसले के साथ चुनाव लड़ने की हिम्मत बढ़ाते दिखाई दिए।



दरअसल स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल चिरमिरी नगर निगम चुनाव में अपने एक साल के उपलब्धियों को लेकर सीधे मैदान में उतर गए है और उन्होंने कहा कि निगम का यह चुनाव मै लड़ रहा हूं। प्रदेश के पटल में चिरमिरी नगर निगम आज सबसे हॉट सीट है और यहां का विकास चुनाव में आने वाले नतीजों पर निर्भर है। प्रदेश की साय सरकार प्रदेश के सभी निगमों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए बीते एक साल से तैयारी में लगी थी और उसी उपलब्धियों की बदौलत प्रदेश के सभी निगमों में भाजपा के जीत की अपेक्षा की जा रही है। चूंकि चिरमिरी की भौगोलिक स्थिति अन्य निगम की अपेक्षा बिल्कुल अलग है, इसी का फायदा उठाकर विपक्ष यहां के आम जनमानस को दिग्भ्रमित करता है और कुर्सी हासिल करते है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। भाजपा का एक एक पार्षद प्रत्याशी आने वाले स्थायित्व, विकास, शिक्षा, रोजगार और चिरमिरी की तस्वीर बदलने के लिए तीसरे इंजन के रूप में चुनाव लड़ रहा है। बीते 05 साल में कांग्रेस कार्यकाल द्वारा निगम में किए गए भ्रष्टाचार को दिखाने के साथ बीजेपी महापौर और पार्षद प्रत्याशी भविष्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए संकल्पित है।

### भाजपा मंडल ने कसी कमर

नव निर्वाचित युवा चिरमिरी मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनकर का अध्यक्षीय रूप में पहला चुनाव है। अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के लिए लगातार बैठके आयोजित कर कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे है। चूंकि श्री सोनकर युवा है और इस चुनाव में युवाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए एक माले में सभी मोतियों को पिरो कर खूबसूरत बना दिया है लिहाजा निगम चुनाव में भाजपा बड़े जीत की ओर अग्रसर है।

### स्वयं मंत्री एक एक अपडेट पर रख रहे है नजर

नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा के बाद से मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल चिरमिरी नगर निगम चुनाव को एक चैलेंज के रूप में लेकर अपनी पैनी नजर बनाए है। प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के साथ एक एक कार्यकर्ता के सुझाव, बूथ अध्यक्षों के सामने आने वाली समस्याओं, वार्ड पार्षदों के चुनावी रणनीति, वार्ड में जनसंपर्क करने का तरीका सहित सभी विषयों का अपडेट प्रतिदिन ले रहे है। संगठन में की जाने वाली तैयारियों की रूपरेखा को अपनी निगरानी में संचालित करा रहे ताकि कोई चूक ना हो, वार्ड पार्षद उम्मीदवार के रूप में नाराज हुए कार्यकर्ताओं से बात कर पार्टी के कामों में बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी निभाने के लिए तैयार भी कर रहे है और यही वजह की नामांकन भरने की आखिरी तारीख के बाद से ही कांग्रेस के हाथ पांव फूलने लगे है।

### चिरमिरी की राजनीति और तस्वीर में बड़े बदलाव को तय करेगा निगम चुनाव

नगरीय निकाय चुनाव 2025 जितना प्रदेश के लिए ऐतिहासिक होगा उससे कही ज्यादा चिरमिरी निगम चुनाव का परिणाम यहां की दिशा और दशा को तय करेगा। जहां एक ओर कांग्रेस से विधायक रहे डॉ विनय जायसवाल की राजनैतिक कैरियर दाव में है वही जीतने के बाद जनता के उम्मीदों को पूरा करना बड़ी मुसीबत बन सकता है। अक्सर विपक्ष के नेता स्थानीय निकायों में जब कुर्सी में बैठते है, तो यह कहते दिखाई देते है, कि क्या करे प्रदेश में हमारी सरकार नहीं है और यही स्थिति डॉ विनय जायसवाल का भी जीतने के बाद होने वाला है, गर हार जाते है, तो राजनैतिक कैरियर पूरी तरह खत्म माना जा सकता है। चिरमिरी के लिहाज से स्थानीय निकाय में भाजपा का कब्जा होने से ट्रिपल इंजन यानि चहुमुखी विकास की परिकल्पना की जा सकती है।

### भाजपा की विचारधारा से जुड़ते लोग

कांग्रेस की भ्रष्टाचार, घोटाले की नीतियों और पार्टी द्वारा नेताओं व कार्यकर्ताओं के अपमान से सभी कांग्रेस पार्टी से त्रस्त है। आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालगोविंद ने कांग्रेस छोड़ कर भाजपा की विकासपरक और ÷सबका साथ, सबका विकास÷ वाली विचारधारा व सुशासन से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थामा। श्री बालगोविंद जी को भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया गया।

# यातायात नियमों के पालन पर चालकों को फूल देकर किया सम्मानित

-संवाददाता-
सूरजपुर,30 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के आयोजन करने, चालकों के नेत्रों का परीक्षण कराने तथा नियमों का पालन करने वालों को सम्मानित करने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में चौकी तारा पुलिस के द्वारा वाहन चालकों के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, हेलमेट रैली तथा जरूरतमंद लोगों को हेलमेट वितरण के साथ ही यातायात नियमों का पालन कर हेलमेट व सीटबेल्ट लगाने वालों को फूल देकर सम्मानित किया है।

वाहन चालकों के नेत्र सही रहेंगे तो सफर के दौरान सड़क पर दुर्घटनाएं कम होगी और लोग सुरक्षित रहेंगे इसी उद्धेश्य को लेकर गुरूवार, 30 जनवरी को चौकी तारा पुलिस के द्वारा चौकी परिसर में वाहन चालकों के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कराया। इस शिविर में डॉक्टर के द्वारा 156 लोगों को नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरी दवा उपलब्ध कराया इस दौरान चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी ने चालकों को कहा कि सफर के दौरान संयमित गति व सतर्कता बरते, यातायात नियमों का पालन करें, गलत तरीके से ओव्हर टेक न करें और कभी भी शराब के नशे में वाहन न चलाए।

दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने हेतु प्रेरित करने के लिए चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस जवानों के द्वारा बाईक पर हेलमेट रैली निकाली गई यह रैली ग्राम शिवनगर से साल्ही तिराहा तक गई। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर हेलमेट रैली रूककर हेलमेट क्यों पहनना चाहिए, जीवन की रक्षा के लिए यातायात नियम का पालन क्यों जरूरी है, नियमों का पालन नहीं करने से क्या हानी होती है इसकी जानकारी दी गई। नागरिकों को बाईक पर तीन सवारी नहीं चलने, हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्यता के बारे में बताया गया और नशे की स्थिति



में कभी भी वाहन नहीं चलाने की समझाईश दी गई।

इस अवसर पर एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी ने जरूरतमंद 80 .वाहन चालकों को हेलमेट वितरण कर कहा कि हेलमेट पहनने के महत्व और सड़क पर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहे, हेलमेट केवल यातायात नियमों का पालन करने के लिए नहीं, बल्कि जीवन बचाने के लिए एक आवश्यक साधन है। पुलिस अधिकारियों ने नेशनल हाईवे पर हेलमेट लगाकर वाहन चलाने एवं सीटबेल्ट लगाने वालों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया और कहा कि आप जिम्मेदार नागरिक है और अपनी व दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का पालन कर हेलमेट व सीटबेल्ट लगाकर सफर कर रहे है आपके ऐसा करने से दूसरों को भी इसकी प्रेरणा मिल रही है। उक्त हेलमेट ट्रांसपोर्टरों के सहयोग से वितरण किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रेमनगर जे.एस.कंवर, डॉ. एस. राजवाड़े, ऋषि कुमार साहू, पुलिस के अधिकारी व जवान सहित स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी मौजूद रहे।


## कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई जिला-सरगुजा

**दाया-आपत्ति**

1. बच्चे का नाम :- नम्यता
2. बच्चे का प्राप्ति दिनांक :- 23/11/2024
3. स्थान :- सेवा भारती मातृछाया (विशेषीकृत्त दत्तक ग्रहण एजेंसी) अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,छ0ग0
4. शारीरिक बनावट एवं रंगः- सांवला
5. उम्र/जन्मतिथि :- 22/11/2024



उक्त बालिका को दिनांक 23/11/2024 से अस्थायी संरक्षण हेतु सेवा भारती मातृछाया (विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेसी) अम्बिकापुर में रखा गया है।

सर्व संबंधित जो कि बालिका के वैधानिक पालक/अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते हैं, प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-सरगुजा अथवा सेवा भारती मातृछाया (विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी ) अम्बिकापुर में दर्ज करा सकते हैं। उक्त समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जायेगी।

दूरभाष क्र0- 9165205598

जी.नं.- 242505474/1

जिला बाल संरक्षण अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
अम्बिकापुर जिला-सरगुजा, छ0ग0


CMYK

# क्या पूर्व मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल को तोहफे में मिलेगी महापौर की कुर्सी?



## नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र में चल रही चर्चा,भाजपा ने जानबूझकर उतारा कमजोर प्रत्याशी...प्रत्याशी का वज़न सिर्फ मंत्री की वजह थोड़ी बढ़ा नजर आ रहा है?

## फैसले से उठा सवाल,मजबूत दावेदार आखिर क्यों किए गए किनारे

## क्या विधानसभा चुनाव में सहयोग करने का मिला ईनाम?

## प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री पर उठी उंगली,क्या मजबूरी थी ऐसी साठगांठ करना?

## अभी से सभी की जुबान पर डॉक्टर विनय जायसवाल बनेंगे महापौर, एक निगम सीट पर भाजपा की हार लगभग तय माना जा रहा है क्यों?

## वहीं यदि स्वास्थ्य मंत्री अपनी एफर्ट लगाकर डॉक्टर विनय को हरा सके तो सभी के मुंह पर लगेगा ताला

## हाशिए पर क्यों डाले गए जनाधार रखने वाले भाजपा नेता?

## भाजपा प्रत्याशी कोई बड़ा चेहरा नहीं,कार्यकर्ताओं में दिख रही मायूसी




-रवि सिंह-
एमसीबी/चिरमिरी,30 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

एमसीबी जिले के एकमात्र नगर निगम चिरमिरी के महापौर पद के चुनाव मामले में अब डॉक्टर विनय जीत दर्ज कर जायेंगे ऐसी बातें लगातार सामने आने लगी है। कहने वालों का कहना है की डॉक्टर विनय को महापौर की कुर्सी तोहफे में मिलने जा रही है और भाजपा का प्रत्याशी काफी कमजोर है और जो अपने दम पर महापौर का चुनाव जीत पाने में सफल नहीं होने वाले।

बता दें कि चिरमिरी नगर निगम के महापौर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी की घोषणा के बाद से ही यह आम चर्चा है कि भाजपा ने कमजोर प्रत्याशी को इसलिए मौका दिया क्योंकि मनेंद्रगढ़ विधायक की यह मांग थी जिससे पूर्व विधायक की वह मदद कर सकें चुनाव जीतने में जिन्होंने वर्तमान विधायक की मदद की थी चुनाव जीतने में। अब यह बात कितनी सच है कितनी इस बात की सच्चाई है यह तो घटती घटना नहीं जानता लेकिन माना जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी के सामने डॉक्टर विनय आरम्भ से ही मजबूत हैं और वह जितने की स्थिति में हैं। डॉक्टर विनय के खिलाफ कई और ऐसे दावेदार थे भाजपा से जो मजबूत टक्कर कड़ी टक्कर दे सकते थे लेकिन उन्हें पार्टी ने मौका क्यों नहीं दिया यह सभी का सवाल है। वैसे डॉक्टर विनय जायसवाल का कांग्रेस पार्टी में ही काफी विरोध हुआ है प्रदेश पदाधिकारी सहित ब्लॉक अध्यक्ष एवम कईयों ने पार्टी से बगावत कर दी है और कुछ ने निर्दल जाकर चुनाव भी लड़ने का ऐलान किया है वहीं भाजपा की बगावत नजर नहीं आ रही है जो है अंदरूनी जो परिणाम को प्रभावित करेगी यह माना जा रहा है। भाजपा कांग्रेस दोनों ही दलों में महापौर के लिए कई दावेदार थे जिनमें कांग्रेस से भी कई मजबूत दावेदार थे वहीं भाजपा से भी मजबूत दावेदार थे उनमें से एक तरफ डॉक्टर विनय को वहीं दूसरी तरफ एक वकील को भाजपा से टिकट मिला जो अप्रत्याशित रहा जो अपेक्षित ही नहीं था वैसा ही रहा। वैसे अभी यह माना जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी कमजोर है और वह डॉक्टर विनय को एकतरफा जीत दिलाने में मददगार ही साबित होगा लेकिन एक तरफ यह भी चर्चा है कि यदि मनेंद्रगढ़ विधायक साथ ही स्वास्थ्य मंत्री भाजपा विधायक के लिए पूरी तरह मेहनत करते हैं वह चुनाव जीत जाएंगे और डॉक्टर विनय हार जायेंगे वहीं यदि समझौते वाली बात सही निकली और विधानसभा चुनाव की मदद का बदला चुकाने का कोई वादा था आपसी तो डॉक्टर विनय की जीत तय है।






## अपने कार्यकाल के दौरान जो उन्होंने किया उसे लेकर आज भी वह मुखर नहीं हो पाए...

डॉक्टर विनय जायसवाल का कार्यकाल ऐसा रहा है कि वहां कुछ था तो वह केवल भ्रष्टाचार था केवल भ्रष्टाचार और यही वजह है कि अपने कार्यकाल को लेकर आज तक वह मुखर नहीं हो सके। बता दें कोरोना काल में डॉक्टर विनय दंपत्ति का स्वार्थ आपदा में अवसर वाला था यह तभी से उजागर है और यही वजह है कि वह खुलकर कुछ बोल पाने में असमर्थ हैं। उनके पास कुछ है तो वह स्वेक्षानुदान का लालच है जो उन्होंने चुनाव लड़ने की लालसा में चिरमिरी के युवाओं को दिया था जिसकी वसूली टिकट कटने की वजह से वसूली नहीं हो सकी थी और उसी वसूली में वह लगे हैं महापौर बनकर वह वसूली करेंगे। कुल मिलाकर स्वेक्षानुदान की वसूली करके ही वह मानेंगे और वही करने वह निकले हैं।

## डॉ विनय जायसवाल के लिए यह चुनाव करो या मरो की स्थिति में...

डॉक्टर विनय के लिए यह चुनाव करो मरो वाला मसला है। वह हारते हैं तो राजनीति उनकी खत्म होती है जीत जाते हैं तो वह अगले विधायक प्रत्याशी कांग्रेस से होंगें। वैसे इस बीच ऐसे कार्यकर्ता पार्टी के मायूस हैं जिन्होंने झंडा उठाया और पार्टी के लिए काम किया इस बार की हार भी मेहनत के बाद स्वीकार किया। अब उन्हें लगता है कि गद्दारी ही बेहतर है जब डॉक्टर विनय को निष्कासन और गद्दारी का इनाम टिकट स्वरूप मिला तो मेहनत की बजाए यही आजमाया जाए।

## बीजेपी विनय के भ्रष्टाचारों को सोशल मीडिया पर जमकर कर रही वायरल

भाजपा के लोग डॉक्टर विनय के भ्रष्टाचार को सोशल मीडिया पर उजागर कर रहे हैं। अब भाजपा के पास अंतिम यही एक रास्ता भी है क्योंकि प्रत्याशी का कमजोर होना इसकी वजह है।अब देखना है कि कांग्रेस प्रत्याशी डॉ विनय की पोल खोलकर भाजपा क्या अपनी जीत सुनिश्चित कर पाती है।

## विनय जायसवाल कि सोशल मीडिया में हो रही फजीहत...बोलती बंद है उनकी...

डॉक्टर विनय जायसवाल कांग्रेस प्रत्याशी बनाए गए हैं,वह जबसे प्रत्याशी बनाए गए हैं सोशल मीडिया पर उनकी लगातार फजीहत हो रही है। बता दें कि उनके कार्यकाल को लेकर खासकर कोरोना वैश्विक महामारी के समय डॉक्टर विनय दंपत्ति ने आपदा को अवसर बनाया था और नकली सेनिटाइजर बांटा था वहीं कई और भ्रष्टाचार किया था ऐसा आरोप सोशल मीडिया पर लगाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर डॉक्टर विनय का प्रदर्शन भी खराब ही है कभी का सेलिब्रिटी आज एक दो चार लाइक कमेंट के लिए तरस रहा है। वैसे स्टेप डी नकली सेनिटाइजर साथ ही आपदा को अवसर बनाना दो विषय हैं जहां डॉक्टर विनय बैकफुट पर हैं, जहां चिरमिरी की जनता के साथ उन्होंने छल किया है।

## स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने पर ही लोगों के मुंह होंगे बंद

स्वास्थ्य मंत्री व पूर्व विधायक विनय जायसवाल को लेकर चुनावी सरगर्मी में तरह-तरह की बातें हो रही हैं और यह तो हर चुनाव में होता है अक्सर देखा भी जाता है इस चुनाव में यह नया नहीं है, पर यहां पर लोगों के जुबान पर ताला तब लगेगा जब वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री अपने प्रत्याशी को जीता ले जाएंगे और यदि जीत नहीं दिला सके तो कहीं न कहीं वह आलोचकों के बयान को सही साबित कर जाएंगे? जो इस समय सुनने को मिल रहा है। इस दृष्टिकोण से भी स्वास्थ्य मंत्री के लिए चुनाव काफी महत्वपूर्ण हो गया है और उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है अपने प्रत्याशी को जीत दिलाना। वहीं यदि प्रत्याशी को जीत दिला देते हैं तो अपने प्रतिद्वंद्वी पूर्व विधायक डॉ विनय जायसवाल की राजनीति पर भी वह विराम लगा देंगे, यानी की राजनीति उनकी खत्म कर देंगे, पर क्या ऐसा कर पाने में वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री कामयाब हो पाएंगे यह तो परिणाम बताया।

# आकार स्कूल ने पहली बार मनाया वार्षिक खेल-कूद कार्यक्रम

## बच्चों के साथ अभिभावकों ने आनंद




-संवाददाता-
बैकुंठपुर/पटना,30 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगर पंचायत पटना में स्थित आकार पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आत्मानंद इंग्लिश मिडियम के प्राचार्य देवकरण सिंह व्याख्याता रमेश सोनी ने कार्यक्रम का उदघाटन किया।

मुख्य अतिथि श्री देवकरण सर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में मानसिक विकास होता है साथ ही ऐसे आयोजनों से बच्चे स्कूल और शिक्षक से जुड़ाव बनता है। खेल शारीरिक और मानसिक मजबूती देता है स्कूल के आयोजन की बधाई देते हुए कहा के यह आयोजन जिसमें अभिभावक भी शामिल हुए यह अपने आप में अनोखा आयोजन है।सभी शिक्षको का यह दायित्व बनता है कि बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान देवे, साथ-साथ खेलकूद में भी हिस्सा लेने को कहा। आकार स्कूल के निवेदन पर आत्मानंद स्कूल में पदस्थ खेल शिक्षका अपूर्वा मैडम के नेतृत्व में विभिन्न खेलो का आयोजन हुआ उनका बहुमूल्य समय स्कूल को मिला। सीनियर शिक्षक व्याख्याता रमेश सोनी ने स्कूल के आयोजन को सराहा साथ ही स्कूल के शिक्षकों की तारीफ करते हुए बच्चों के स्कूली शिक्षा को सुदृढ़ बनाने हुए कहा कि शिक्षकों का दायित्व बनता है कि बच्चों को आसान और मनोरंजन तरीकों से बच्चों में शिक्षा का विस्तार करे। आए हुए अतिथि में शिक्षक अंकिता, आशा, सतीश, नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी दीपक सिंह के साथ अभिभावक की उपस्थिति रही।

दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद के आयोजन में विभिन्न तरह के खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ उनके अविभावको ने भी कुछ खेलो में हिस्सा लिया और एक अनोखे तरीके के आयोजन से बच्चों के साथ अविभावकों ने इस आयोजन भरपूर आनंद उठाया। इस बीच विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने के लिए वार्षिक उत्सव का दिन निर्धारित किया गया। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर पूनम सोनी, प्राचार्य रुखसार खान, शिक्षक अंजलि,श्रेय दुबे माधुरी के साथ मंच का संचालन श्वेता और इरफा ने किया।

# बेटी व बहु को जीत दिलाने विधायक पिता उतारे चुनावी प्रचार के मैदान में

## पिता ने बेटे को बहू को अब उसके बाद बेटी को उतारा राजनीति में

## विधायक पुत्र अपने पिता से भी तेज थे राजनीति में उनके निधन के बाद बहू को उतार राजनीति में अब बेटी को जिला पंचायत चुनाव लाडवा के राजनीति में उतार

## क्या वर्तमान विधायक अपने परिवार को राजनीतिक में प्रवेश करवा अगले विधानसभा का दावेदार बना रहे हैं?





-रवि सिंह-
बैकुंठपुर,30 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान भाजपा विधायक भईया लाल राजवाड़े काफी कुशल राजनेता है, यही वजह है कि वह तीन बार के विधायक हो चुके हैं, नीचे स्तर से वह प्रयास करते-करते ऊंचे स्तर की राजनीति करना वह जानने लगे हैं, आज उनके पहचान पूरे प्रदेश में है, ऐसा कोई नहीं है जो उन्हें उनके नाम से न जानता हूं, उनके बेटे स्व. विजय राजवाड़े भी उनके साथ राजनीति में थे और उनकी राजनीति क्षेत्र के लिए व भाजपा के लिए किसी स्वर्ण समय से काम नहीं था, भाजपा के लिए वह काम करते थे और भाजपा की युवाओं में उनकी एक अलग ही पहचान थी, विजय राजवाड़े भले ही विधायक नहीं थे पर उनके पिता से ज्यादा उन्हें लोग जाना करते थे, यह बात खुद स्वयं भईया लाल राजवाड़े ने भी माना है, इस बार व उनके पास नहीं है पर उनकी यादों के साथ हुए हमेशा चुनावी मैदान में रहते हैं, उनके जाने के बाद वर्तमान विधायक भईया लाल राजवाड़े ने अपनी बहू को जिला पंचायत सदस्य लड़वाया यह दूसरी बार उन्हें जिला पंचायत सदस्य लाडवा रहे हैं, यानी कि अपने पुत्र के निधन के बाद अपना उत्तराधिकारी अपनी बहू को बनाते हुए राजनीति में प्रवेश करवाया और अब अपनी बेटी को भी उन्होंने राजनीति में प्रवेश कर दिया है, उसे भी वह जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 से प्रत्याशी बनाकर चुनाव लाडवा रहे हैं और यह माना जा रहा है कि भईया लाल राजवाड़े के नाम से उनकी बहू व बेटी दोनों को जीत मिल सकती है, भईया लाल राजवाड़े अपने उम्र के अंतिम पड़ाव में पर वह जाते-जाते अपने परिवार को राजनीति के वह गुण सीखा जा रहे हैं जो आगे चलकर उन्हें अपना उत्तराधिकारी बता सकते हैं, आगामी समय के लिए वह अपने परिवार से विधायक भी तय करने की ओर बढ़ रहे हैं यही वजह है कि इस समय त्रीस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत कोरिया के दो सीटों पर उनकी बहू व बेटी दोनों चुनाव लड़ रहे हैं, जिन क्षेत्रों से चुनाव लड़ा जा रहा है वह कोई मिनी विधानसभा से काम नहीं है इन क्षेत्र से चुनाव लड़ना और जितना कहीं ना कहीं अगले विधानसभा के प्रत्याशी के रूप में भी देखा जा सकता है। वर्तमान में भईया लाल राजवाड़े भाजपा प्रत्याशियों के साथ अपने बहू और बेटी के भी प्रचार में देखे जा रहे हैं और उनके पक्ष में मतदाताओं को वोट देने का निवेदन करते नजर आ रहे हैं, वहीं ढलती उम्र में भी वह भाजपा के प्रत्याशियों के लिए मत मांगने गांव-गांव तक पहुंच रहे हैं और लोगों की समस्याओं को मंथन करते हुए अपने बेटी व बहू को उन सब चीजों के गुण सीख रहे हैं जो राजनीति में अक्सर देख व सुने जाते हैं। खोडरी ग्राम में आयोजित आगामी त्रि-स्तरीय चुनाव के संबंध में भाजपा पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। इस दौरान चुनाव की तैयारियों एवं रणनीतियों के बारे में चर्चा कर विगत एक वर्ष में भाजपा सरकार की उपलब्धियों और जनहित की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की बात कहकर संबोधित किया। समृद्धशाली और विकसित कोरिया बनाने के लिए क्षेत्र की जनता भी चुनाव को लेकर उत्साहित है। भाजपा के सुशासन में एक वर्ष में जनहित के कार्यों और अधोसंरचना विकास से बैकुंठपुर विधानसभा सहित पूरे प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। जनता भी भाजपा के इस विकास के प्रति अपना विश्वास चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को विजयश्री दिलाकर जरूर व्यक्त करेगी। कार्यकम में प्रमुख रूप से चुनाव प्रभारी कृष्ण बिहारी जयसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, क्षेत्र क्रमांक 5 की प्रत्याशी गीता राजवाड़े एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल खबर

### स्मिथ 40 की उम्र तक खेल सकते हैं : इयान हीली



**नई दिल्ली,30 जनवरी 2025।** ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान हीली का मानना है कि अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ की श्रीलंका के खिलाफ गाले में बल्लेबाजी देखने के बाद उन्हें लगता है कि स्मिथ 40 की उम्र तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल सकते हैं। स्मिथ ने गाले में पहली पारी में 10,000 टेस्ट रन का मील का पत्थर हासिल किया, जहां उन्होंने 141 रन बनाकर इस प्रारूप में अपना 35वां शतक भी पूरा किया।

### उस्मान ख्वाजा ने जड़ा करियर का पहला दोहरा शतक



**नई दिल्ली,30 जनवरी 2025।** श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच गाले में खेला जा रहा है. ये टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के लिए काफी यादगार रहा है. लंब समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे ख्वाजा ने न सिर्फ फॉर्म में वापसी करते हुए शतक लगाया है बल्कि अपने शतक को दोहरे शतक में बदला है. ये उनके करियर का पहला दोहरा शतक है. साथ ही वे श्रीलंका में दोहरा शतक लगाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए हैं.

# यू 19 वूमेन्स टी 20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड से होगा टीम इंडिया का सेमीफाइनल मैच

**बर्मिंघम,30 जनवरी 2025।** महिलाओं के अंडर 19 टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा रहा है। जहां टीम इंडिया का प्रदर्शन अब तक काफी कमाल का रहा है। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में खेले गए सभी मैचों में अब तक जीत हासिल की है। ऐसे में टीम इंडिया वर्ल्ड कप का खिताब जीतने की प्रबल दावेदार नजर आ रही है। भारतीय टीम ने पिछला अंडर 19 महिला टी 20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था। उस दौरान शेफाली वर्मा टीम इंडिया की कप्तान थी। ऐसे में टीम इंडिया इस बार अपने वर्ल्ड कप ट्रॉफी का बचाव करना चाहेगी।

### टीम इंडिया का सेमीफाइनल मैच

अंडर 19 महिला टी20 वर्ल्ड कप अब अपने आखिरी स्टेज में पहुंच गया है। जहां सिर्फ चार टीमें ही बची हुई हैं। इन चार टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। टीम इंडिया अपना सेमीफाइनल मैच 31 जनवरी को इंग्लैंड की महिला अंडर 19 टीम के खिलाफ खेलेगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। टीम इंडिया के इस मैच को फैंस मिस नहीं करना चाहेंगे।

### स्टार स्पोर्ट्स चैनल पर लाइव देख सकेंगे मैच

भारतीय अंडर 19 महिला टीम अपना सेमीफाइनल मैच इंग्लैंड के खिलाफ 31 जनवरी को भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से खेलेगी। इस मुकाबले का आयोजन कुआलालंपुर में




किया जाएगा। टीम इंडिया इस मैच के लिए पूरी तरह से तैयार नजर आ रही है। इस मैच को आप टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स पर लाइव देख सकते हैं। वहीं इस मुकाबले की लाइव स्ट्रीमिंग भी हॉटस्टार पर उपलब्ध होगी। ऐसे में फैंस घर बैठकर भी इस मैच का आनंद ले सकते हैं।

### अंडर 19 वर्ल्डकप के लिए भारतीय महिला टीम का स्क्वॉयड

निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके (उप-कप्तान), जी त्रिशा, कमलिनी जी (विकेटकीपर), भाविका अहिरे (विकेटकीपर), ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशीता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसौदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस

# रणजी ट्रॉफी में शतक के बाद लिया हैट्रिक




» टीम इंडिया में वापसी को तैयार ये स्टार ऑलराउंडर

**नई दिल्ली,30 जनवरी 2025।** रणजी ट्रॉफी के मुकाबलों का आयोजन किया जा रहा है। जहां टीम इंडिया के कई दिग्गज प्लेयर्स भी हिस्सा ले रहे हैं। इसी बीच भारतीय टीम से लंबे समय से बाहर चल रहे एक प्लेयर ने बड़ा कारनामा किया है। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि शार्दुल ठाकुर हैं। शार्दुल ठाकुर काफी लंबे समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने टीम इंडिया में वापसी करने के लिए अपनी छाप छोड़नी शुरू कर दी है। शार्दुल ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेले गए मुकाबले में शतक जड़ा था और अब उन्होंने अगले ही मैच में मेघालय के खिलाफ हैट्रिक लिया है।

### इन बल्लेबाजों को किया आउट

शार्दुल ठाकुर ने मुंबई और मेघालय के बीच खेले जा रहे रणजी मैच में कमाल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने मेघालय के खिलाफ खेले गए मुकाबले के तीसरे ओवर में ही हैट्रिक ले लिया है। शार्दुल ठाकुर ने इस मुकाबले में बालचंदर अनिरुद्ध, सुमित कुमार और जसकीरत सिंह सचदेवा को आउट किया है। यह तीन बल्लेबाज डक पर आउट हुए। जिसके कारण मेघालय ने सिर्फ दो रन के स्कोर पर अपने छह विकेट खो दिए। शार्दुल ठाकुर काफी शानदार फॉर्म में हैं। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उन्होंने पहली पारी में 57 गेंदों पर 51 रन और दूसरी पारी में 135 गेंदों पर 119 रनों की पारी खेली थी।

### इंग्लैंड के खिलाफ मिल सकता है मौका

टीम इंडिया अब जून के महीने में इंग्लैंड का दौरा करेगी। जहां भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज के लिए शार्दुल ठाकुर पूरी तरह से तैयार नजर आ रहे हैं। इंग्लैंड में टीम इंडिया को तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर की जरूरत भी होगी। ऐसे में शार्दुल ठाकुर टीम इंडिया के लिए पहली पसंद हो सकते हैं। इंग्लैंड में वैसे भी उनका रिकॉर्ड काफी कमाल का रहा है। ऐसे में शार्दुल ठाकुर पूरे रणजी सीजन में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे।

# रणजी ट्रॉफी में तीसरे नंबर पर खेलने को तैयार




**नई दिल्ली,30 जनवरी 2025।** कर्नाटका के कोच येरे गौड़ को उम्मीद है कि हरियाणा के खिलाफ आगामी रणजी ट्रॉफी मैच में भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। राहुल, जो कि एक इंटरनेशनल क्रिकेटर हैं, ने हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग की थी। हालांकि, मेलबर्न में चौथे टेस्ट के दौरान जब रोहित शर्मा ने टीम में वापसी की, तो राहुल को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का अवसर मिला। इसके बाद, सिडनी टेस्ट में रोहित की अनुपस्थिति के कारण राहुल एक बार फिर ओपनिंग करने के लिए वापस आ गए

### इंग्लैंड दौरे पर केएल राहुल कर सकते हैं ओपन

राहुल की बल्लेबाजी का क्रम भारतीय टेस्ट टीम में अभी भी कुछ असमंजस का विषय है। यदि रोहित शर्मा को इंग्लैंड सीरीज के लिए चुना जाता है, तो राहुल को छठे नंबर पर बल्लेबाजी करनी पड़ सकती है, क्योंकि शुभमन गिल के प्लेइंग इलेवन में शामिल होने की उम्मीद है। हालांकि, अगर रोहित को नहीं चुना जाता, तो राहुल एक बार फिर ओपनिंग करने की संभावना है। इन सबके बावजूद, कोच गौड़ का मानना है कि रणजी ट्रॉफी के आगामी मैचों में राहुल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, हालांकि बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की परिस्थितियों के अनुसार उनका बल्लेबाजी क्रम बदल सकता है।

कोच गौड़ ने पीटीआई से बात करते हुए कहा कि राहुल बहुत अनुभव लेकर आए हैं और खेल के सभी पहलुओं में टीम के लिए बहुत मूल्यवान साबित हुए हैं। हम परिस्थितियों का आकलन करेंगे और उसके आधार पर बल्लेबाजी क्रम तय करेंगे। लेकिन फिलहाल राहुल के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने की संभावना है।

### रणजी खेल रहे कई स्टार खिलाड़ी

इसके अलावा, कई अन्य प्रमुख भारतीय क्रिकेटर भी इस रणजी ट्रॉफी के अंतिम लीग दौर में खेलेंगे। दिल्ली के कप्तान आयुष बदोनी ने पुष्टि की है कि विराट कोहली रेलवे के खिलाफ चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, जबकि रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और रियान पराग जैसे क्रिकेटरों ने भी अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। कर्नाटक की टीम इस समय अपने ग्रूप में छह मैचों में 19 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। हरियाणा और केरल क्रमशः 26 और 21 अंकों के साथ पहले और दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, बंगाल 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश और बिहार क्रमशः पांचवें, छठे, सातवें और आठवें स्थान पर हैं।

# मुंबई इंडियंस के नए खिलाड़ी रियान रिकल्टन ने एसए 20 में मचाई तबाही

» हेड की तरह गेंदबाजों का बना हेडेक

» आईपीएल 2025 में रोहित शर्मा के साथ कर सकता है ओपनिंग

**नई दिल्ली,30 जनवरी 2025।** साउथ अफ्रीका टी 20 लीग का जलवा इस समय क्रिकेट फैंस के सर चढ़कर बोल रहा है। इस लीग में कई ऐसे क्रिकेटर खेल रहे हैं जो आईपीएल 2025 में कई टीमों की तरफ से अपना जलवा बिखेरते नजर आएंगे। सबसे ज्यादा खुश मुंबई इंडियंस नजर आ रही है। इस टीम ने जिस बल्लेबाज को नीलामी में खरीदा था फिलहाल वो साउथ अफ्रीका लीग में गेंदबाजों का सिरदर्द बना हुआ है।

मौजूदा समय में अगर किसी बल्लेबाज का खौफ सबसे ज्यादा है तो वो हैं ट्रेविस हेड।. मुंबई इंडियंस के नए खिलाड़ी रियान रिकल्टन का साउथ अफ्रीका लीग में कुछ ऐसा ही खौफ है। बाएं हाथ के 28 साल के इस बल्लेबाज ने लीग के 5 मैचों में 59.25 की औसत और 178.2 की स्ट्राइक रेट से 3 अर्धशतक लगाते हुए 237 रन बनाए हैं। वे फिलहाल लीग के 5 वें सबसे सफल गेंदबाज हैं। वे 13 छक्के और 24 चौके लगा चुके हैं।

रियान रिकल्टन की बेहतरीन परफॉर्मेंस ने मुंबई इंडियंस की एक सबसे बड़ी चिंता दूर कर दी है। एमआई ने पिछले साल ईशान किशन को रिलीज कर दिया था और नीलामी में भी उनके लिए बोली नहीं लगाई। ईशान लंबे समय से टीम के लिए रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत कर रहे थे। ऐसे में एमआई की चिंता रोहित के ओपनिंग पार्टनर को लेकर थी. रिकल्टन की फॉर्म ने ये चिंता दूर कर दी है. रोहित के साथ मुंबई के लिए वे आईपीएल 2025 में पारी की शुरुआत करते हुए नजर आ सकते हैं।

रियान रिकल्टन साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। वे अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से 13 टी 20 मैचों में 134.87 की स्ट्राइक रेट से 263 रन बना चुके हैं। सर्वाधिक स्कोर 76 है। वहीं कुल 112 टी 20, जिसमें दुनिया के अन्य टी 20 लीग शामिल हैं में 140 से उपर की स्ट्राइक रेट और 29.77 की औसत से 1 शतक और 20 अर्धशतक लगाते हुए 2948 रन बना चुके हैं।

# हॉकी इंडिया ने प्रो लीग भुवनेश्वर चरण के लिए टीम घोषित की

**नई दिल्ली,30 जनवरी 2025।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण से पहले 32 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की, जो कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे, जबकि उनके साथ डिप्टी हार्दिक सिंह होंगे। भारत अपने अभियान में 15 से 25 फरवरी तक स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मैच खेलेगा, जिसमें प्रत्येक टीम के साथ दो-दो मैच खेले जाएंगे। जूनियर टीम और मौजूदा हॉकी इंडिया लीग में प्रभावशाली प्रदर्शन ने 22 वर्षीय अंगद बीर सिंह और 20 वर्षीय अर्शदीप सिंह को आगामी एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया है।




टीम में पहली पसंद के गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक के साथ सूरज करकेरा और प्रिंसदीप सिंह शामिल हैं। जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, वरुण कुमार और यशदीप सिवाच डिफेंस में तैनात रहेंगे।

मिडफील्ड में टीम में राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, उप कप्तान हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह और राजिंदर सिंह हैं।

आक्रमण में अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह, अरायजीत सिंह हुंदल, उत्तम सिंह, अंगद बीर सिंह और अर्शदीप सिंह खेलेंगे। टीम के चयन भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच क्रेग फल्टन ने कहा, एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के आगामी भुवनेश्वर लेग मैचों के लिए हमने जो टीम चुनी है, उससे बेहद खुश हूं। मेरा मानना है कि यह टीम हमें मैच जिता सकती है, सामंजस्य बिठाकर खेल सकती है और सबसे महत्वपूर्ण बात, हॉकी का शानदार ब्रांड खेल सकती है। शिविर में खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण लेने और अपने प्रो लीग अभियान को सही तरीके से शुरू करने के लिए उत्सुक हूं।



# देवा के नए पोस्टर में शाहिद कपूर का दिखा धांसू अवतार

आने वाले दिनों में कई फिल्में दर्शकों के बीच आने वाली हैं, जिनका इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है। इन्हीं में से एक है देवा, जिसके हीरो शाहिद कपूर हैं। यह फिल्म आगामी 31 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इससे पहले फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई है। इसके साथ फिल्म देवा से शाहिद की नई झलक सामने आ चुकी है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है।देवा का निर्माण विद्या बालन के पति और जाने-माने फिल्म निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर कर रहे हैं। फिल्म में शाहिद की जोड़ी पूजा हेगड़े के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। फिल्म में पावेल गुलाटी भी अहम भूमिका में हैं।देवा की एक और खास बात यह है कि इसमें बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की धरोहर को दिखाया जाएगा।


# रोजा से बना सुपरस्टार,पैरालिसिस ने किया तबाह

## फिर ऐसी पलटी किस्मत बन गया 3300 करोड़ी कंपनी का मालिक

20 साल की उम्र में मणिरत्नम की फिल्मों से करियर की शुरुआत करने वाले इस एक्टर को बड़े-बड़े दिग्गजों के साथ काम करने का मौका मिला। प्रभुदेवा, रजनीकांत और ममूटी जैसे सिनेमा के दिग्गजों के साथ अपना इस एक्टर के करियर में भी चार चांद लग गए। एक के बाद एक फिल्मों की झड़ी लगने लगी। हिट पर हिट देकर ये एक्टर क्लासिक फिल्में बनाने वाले फिल्म मेकर्स की पसंद बन गया। इस एक्टर के नाम पूरे देश में पसंद की गई दो सुपरहिट फिल्में भी रहीं-रोजा और बॉम्बे। ये एक्टर करियर की शुरुआत में ही सुपरस्टार का दर्जा हासिल कर चुका था, लेकिन फिर ऐसा क्या हुआ कि ये एक्टर फिल्मी करियर छोड़ अलग राह पर चल पड़ा। 10 साल सफलता के मजे लेने के बाद एक्टर ने 30 साल की उम्र में फील्ड ही बदल दी।

**दीं कई सुपरहिट फिल्में**

सफलता की सीढ़ियां चढ़ने वाले तमिल स्टार ने ऐसा ही किया। करियर के पीक पर पहुंचकर उन्होंने फिल्मों को अलविदा कह दिया और लंबे समय तक पर्दे से दूर रहे। ये एक्टर कोई और नहीं बल्कि अरविंद स्वामी हैं। साल 1991 में 20 साल की उम्र में अरविंद स्वामी ने मणिरत्नम की थलपति से अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की, जहां उन्होंने महाभारत के अर्जुन से प्रेरित एक किरदार निभाया। उन्होंने मणिरत्नम की दो बड़ी राष्ट्रीय हिट फिल्मों में काम किया। साल 1992 में रोजा और 1995 में बॉम्बे ने अरविंद की किस्मत बदल दी। इन फिल्मों की सफलता ने



उन्हें एक स्टार के रूप में स्थापित कर दिया। उनके स्टारडम और अभिनय की साख को तब और बढ़ावा मिला जब उन्होंने 1997 में काजोल के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म मिनसारा कनवु में अभिनय किया।

**बॉलीवुड में की एंट्री**

तमिल फिल्मों में छाने के बाद अरविंद ने बॉलीवुड का रुख किया। उन्होंने जूही चावला के साथ सात रंग के सपने में बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की। लगातार मिल रही सफलताओं के चलते ये माना जाने लगा था कि रजनीकांत और कमल हासन के बाद वो ही इस इंडस्ट्री के दिग्गज एक्टर हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अरविंद स्वामी ने 30 की उम्र में अभिनय छोड़ दिया। 90 के दशक के अंत तक उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर खासा प्रदर्शन नहीं कर रही थीं। मुख्य अभिनेता के रूप में उनकी कुछ फिल्में बंद कर दी गईं, जिनमें ऐश्वर्या राय के साथ महेश भट्ट की फिल्म और अमिताभ बच्चन के साथ अनुपम खेर के निर्देशन वाली फिल्में शामिल थीं। मामला यहीं नहीं रुका, उनकी दो फिल्मों को पूरा करने में कई साल लगे।

**इस तरह छोड़ी फिल्में**

अपने करियर की इस दिशा से हतोत्साहित होकर अरविंद स्वामी ने साल 2000 के बाद फिल्मों में अभिनय करना बंद कर दिया। उन्होंने अपने पिता के बिजनेस की ओर ध्यान देना शुरू किया। वी डी स्वामी एंड कंपनी में काम किया और बाद में इंटरप्रो ग्लोबल में भी काम किया। साल 2005 में उनका एक एक्सीडेंट हुआ जिसके कारण उनका पैर पैरालाइज्ड हो गया। इलाज में लगभग 4-5 साल लगे और उन्हें लंबे समय तक तकलीफ झेलनी पड़ी। इसके बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी 2005 में उन्होंने आज तक का अपना सबसे सफल बिजनेस स्थापित किया। अपनी चोट से ठीक पहले स्वामी ने टैलेंट मैक्सिमस की स्थापना की, जो भारत में पेरोल प्रोसेसिंग और अस्थायी स्टाफिंग में लगी एक कंपनी है। रॉकेटरीच जैसे कई मार्केट ट्रैकिंग पोर्टल के अनुसार 2022 में टैलेंट मैक्सिमस का राजस्व 418 मिलियन (3300 करोड़ रुपये) था।

**फिर की फिल्मों में वापसी**

साल 2013 में पूरा खेल तब पलटा जब मणिरत्न ने अपने प्रोजेक्ट कडल के लिए उन्हें मना लिया। अरविंद स्वामी अपने गुरु को मना नहीं कर सके और कई सालों बाद उन्होंने दोबारा फिल्मों में वापसी की।

# शरवरी वाघ ने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर बरपाया कहर



बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर फैंस के बीच शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।एक्ट्रेस शरवरी वाघ इन दिनों अपनी एक्टिंग और फैशन सेंस को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। उनका कातिलाना अंदाज अक्सर इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।शरवरी वाघ की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्राउन कलर की बेहद ही स्टाइलिश ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

# नरेंद्र देवांगन ने निर्विरोध जीता पार्षद का चुनाव

» भाजपा के कुल 4 पार्षद बिना लड़े ही जीते...

» कटघोरा में कांग्रेस पार्षद ने नहीं भरा नामांकन

» बिलासपुर में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन हुआ खारिज



**रायपुर,30 जनवरी 2025(ए)।** प्रदेश भर में नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। इस बीच आज चल रही छंटाई के दौरान चार निकायों में भाजपा का खाता खुल गया, इन चारों स्थानों पर भाजपा के एक-एक प्रत्याशी बिना लड़े ही चुनाव जीत गए हैं। सबसे अहम जीत कोरबा के विधायक और मंत्री लखन देवांगन के भाई नरेंद्र देवांगन की रही, जहां कांग्रेस के प्रत्याशी ने नामांकन भरने के बाद अपनी दावेदारी वापस ले ली। नरेंद्र देवांगन इससे पहले भी पार्षद थे। वार्ड क्रमांक 18 से उन्होंने नामांकन भरा था। कांग्रेस ने यहां से हरीश कुमार को टिकट दी थी। यहां से केवल दो प्रत्याशी ही मैदान में थे, मगर ऐन वक्त पर कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इस तरह नरेंद्र देवांगन निर्विरोध चुनाव जीत गए। इस उपलब्धि के बाद यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशियां मनाई।

### समाज के फैसले के चलते नहीं भरा नामांकन

उधर कोरबा जिले के ही नगर पालिका परिषद कटघोरा के वार्ड 13 जुराली में भाजपा प्रत्याशी शिवमति पटेल के अलावा किसी ने नामांकन नहीं भरा। यहां से कांग्रेस ने सीतादेवी पटेल को प्रत्याशी बनाया था। बता दें कि जुराली का इलाका पटेल जाति बाहुल्य है और पटेल समाज ने यहां फैसला किया था कि अगर किसी भी पार्टी से पटेल समाज से कोई प्रत्याशी नहीं बनाया गया तो समाज से किसी को मैदान में उतारेंगे। मजे की बात यह रही कि दोनों प्रमुख पार्टियों ने पटेल समाज से ही अपना प्रत्याशी चुना। इसके बाद समाज की बैठक हुई और सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि भाजपा प्रत्याशी शिवमति पटेल को पार्षद बनने का मौका दिया जाये। इस तरह सीतादेवी पटेल ने समाज के फैसले को शिरोधार्य किया और उसने अपना नामांकन ही नहीं भरा।

### जाति प्रमाण-पत्र नहीं जमा करना पड़ा महंगा

उधर बिलासपुर के वार्ड क्रमांक 13 पंडित दीनदयाल मंगला नगर में भाजपा प्रत्याशी रमेश पटेल बिना लड़े ही जीत चुनाव गए हैं। वहां कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन खारिज हो गया था। कांग्रेस की तरफ से वार्ड क्रमांक 13 में श्याम पटेल को उम्मीदवार बनाया गया था, लेकिन नामांकन दाखिल करते समय श्याम पटेल ने जाति प्रमाण पत्र जमा नहीं किया था, जिसके चलते उसकी उम्मीदवारी खारिज हो गई। यहां आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार का भी नामांकन निरस्त हो गया। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी रमेश पटेल की जीत तय हो गई। इस जीत के बाद बिलासपुर में भी भाजपा ने चुनाव से पहले ही जश्न मनाया। इस मौके पर विधायक सुशांत शुक्ला और अन्य नेता मौजूद रहे।



### यहां कांग्रेस को नहीं मिला प्रत्याशी

बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिला के नगर पंचायत बारसूर वार्ड क्रमांक 1 में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गीता बघेल का नामांकन जमा किया, मगर कांग्रेस की ओर से यहां कोई भी प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ, जिसके चलते गीता बघेल की निर्विरोध जीत हुई।नगर पंचायत बारसूर के वार्ड क्रमांक एक में भाजपा पार्षद प्रत्याशी गीता बघेल निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। विधायक चैतराम अटामी और भाजपा जिलाध्यक्ष ने गीता को जीत की बधाई दी है। बीजेपी के पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिले के नगर पंचायत बारसूर वार्ड क्रमांक 1 में भाजपा प्रत्याशी गीता बघेल का नामांकन जमा हो गया है। वहीं यह हास्यास्पद है कि सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी होने का दावा करने वाली कांग्रेस को बारसूर में कोई प्रत्याशी नहीं मिला।



# हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**ध्वनि प्रदूषण पर कार्रवाई अब सरकारी समिति के अधीन**



**बिलासपुर,30 जनवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण से संबंधित जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत गठित सरकारी समिति ही इस विषय पर निर्णय लेगी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई फरवरी के दूसरे सप्ताह में निर्धारित की है।

## ठेकेदार आयकर विभाग के घेरे में

**रायपुर,30 जनवरी 2025 (ए)।** रिंग रोड स्थित पीआरए ग्रुप के विभिन्न ठिकानों पर आयकर विभाग (आईटी) की टीम सर्वे के लिए पहुंची है। राहुल मिश्रा असिस्टेंट डायरेक्टर की अगुवाई में सर्वे का काम जारी है। अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह सर्वे सत्यम बालाजी ग्रुप के यहां पड़े छापे के सिलसिले में है या पृथक कार्रवाई है। सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। पीआरए ग्रुप के मालिक प्रहलाद राय अग्रवाल और बजरंग लाल अग्रवाल शहर के बड़े ठेकेदारों में शामिल हैं। जिनका मुख्य व्यवसाय सड़क निमार्ण (कंस्ट्रक्शन) से जुड़ा हुआ है। इनके झारखण्ड बिहार में बड़े ठेके चल रहे हैं। इसी आधार पर पिछले वर्ष तेलीबांधा इलाके में उद्योग भवन के पास स्थित इस ग्रूप के आफिस में झारखंड के अमन साव गिरोह ने रैनसम न देने पर शूटआउट किया था। इस मामले में दर्जन भर शूटर और सहयोगी रायपुर जेल में हैं।




## धमतरी में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी का नामांकन रद्द

» दीपक बैज ने की कलेक्टर के मोबाइल कॉल डिटेल को सार्वजनिक करने की मांग

**धमतरी,30 जनवरी 2025(ए)।** धमतरी में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी का नामांकन रद्द होने के बाद आज राजधानी रायपुर में कांग्रेस ने राज्य शासन और प्रशासन पर कई बड़े और गंभीर आरोप लगाए। आज इस मामले को लेकर की गई प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह एक साजिश के तहत किया गया है, कलेक्टर पर दबाव बनाया गया जिसके कारण कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द हुआ है, कलेक्टर के मोबाइल में की गई बातचीत को सार्वजनिक किया जाना चाहिए।



# सीजीपीएससी पूर्व अध्यक्ष टामन सोनवानी का साला और उसकी पत्नी गिरफ्तार

» फर्जी नियुक्ति प्रमाण-पत्र बांट कर वसूले 1.50 करोड़

**रायपुर,30 जनवरी 2025(ए)।** रायपुर में छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाला मामले में जेल में बंद पीएससी के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी के साले देवेंद्र जोशी और उसकी पत्नी झंगीता जोशी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पर बेरोजगारों को नौकरी लगाने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी के आरोप लगाए गए हैं।

### 9 लोगों से 1.50 करोड़ रुपए की ठगी

देवेंद्र जोशी और उसकी पत्नी झंगीता जोशी पर 9 लोगों से 1.50 करोड़ रुपए की ठगी करने का आरोप हैं। आरोपियों ने कई बेरोजगार युवाओं को अपने झांसे में लिया, जिनमें आधा दर्जन से अधिक लोग शामिल हैं। वे खुद को बड़े अधिकारियों के परिचित बताकर विशेष अनुशंसा के तहत नौकरी दिलवाने का लालच देते थे।





### पैसे लेकर देते थे फर्जी नियुक्ति प्रमाण-पत्र

जानकारी के अनुसार पैसा लेने के बाद वे फर्जी नियुक्ति प्रमाणपत्र देकर पीड़ितों से रकम लेते थे। इन आरोपियों पर आरोप है कि उन्होंने फूड इंस्पेक्टर, लेक्चरर और पटवारी जैसी नौकरियों का झांसा देकर नौ पीड़ितों से भारी रकम वसूली। सिविल लाईन थाना पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

# रायपुर में अनोखी बारात

**बेटे के साथ बहू ने भी बारात में ली भागीदारी**



**रायपुर,30 जनवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के राजधानी में एक अनोखी बारात ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। अग्रसेन धाम में रायपुर निवासी मुकेश गुप्ता के बेटे ऋषभ की बारात में एक नया परिवर्तन देखने को मिला। इस बारात में ऋषभ के साथ-साथ उनकी होने वाली पत्नी रुचि भी बराबर बैठकर बारात में शामिल हुई। यह दृश्य देखकर लोगों ने परिवर्तन की इस पहल की सराहना की। मुकेश गुप्ता ने बताया कि उन्होंने यह फैसला अपने बेटे और बहू को बराबरी का दर्जा देने के लिए लिया है। उन्होंने कहा कि यह एक छोटा सा कदम है जो समाज में बदलाव ला सकता है। इस अनोखी बारात को देखकर लोगों ने गुप्ता परिवार को बधाई दी और उनकी इस पहल की सराहना की। यह एक अच्छा संदेश है जो समाज में महिलाओं के अधिकारों और समानता के बारे में जागरूकता फैलाता है। गुप्ता परिवार की इस पहल को समाज के लोगों ने भी सराहा। लोगों ने कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत है और इससे समाज में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव आएगा। इस अवसर पर ऋषभ और रुचि ने भी अपने परिवार की इस पहल की सराहना की।

# आदिवासी समाज सबसे बड़ा हिंदू



» सीएम विष्णुदेव साय का बयान

**कवर्धा,30 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने आदिवासियों को सबसे बड़ा हिंदू बताया है।. कवर्धा में बुधवार को हुए हिंदू संगम कार्यक्रम में उन्होंने आदिवासी समाज को लेकर बड़ी बात कही।सीएम विष्णुदेव साय ने कहा किआदिवासी समाज सदियों से हिंदू धर्म के मूल तत्वों का पालन करता आया है।वे आदिकाल से सबसे बड़े हिंदू रहे हैं। सीएम विष्णुदेव साय ने ये बातें कबीरधाम के बोड़ला में आयोजित हिंदू संगम कार्यक्रम में कहीं

### आदिवासी समाज प्रकृति के सबसे ज्यादा करीब :

आदिवासी समाज हमेशा से शिव, पार्वती, पेड़-पौधों और प्रकृति की पूजा करता रहा है। वे कर्मा पूजा को भगवान मानते हैं और अपनी आस्थाओं का पालन करते हुए इस पूजा को अपनी धार्मिक पहचान मानते है।. आदिवासी समाज की महिलाएं व्रत करती हैं, जो प्रकृति के पूजक होते हुए गौरा गौरी की पूजा करते हैं।

आदिवासी समाज ने सदियों से अपनी धार्मिक परंपराओं को निभाया है और यह कहना गलत होगा कि वे हिन्दू नहीं हैं। हम लोग कर्मा पूजा करते हैं, और यही पूजा हमारे धर्म का अभिन्न हिस्सा है। जो प्राकृतिक तत्वों की पूजा करते हैं,जो गौरा गौरी की पूजा करते हैं, उनसे बड़ा हिंदू कौन हो सकता है?- विष्णुदेव साय,सीएम छग

## रायपुर सेंट्रल जेल में फिर कैदी ने किया आत्महत्या का प्रयास

**रायपुर,30 जनवरी 2025 (ए)।** रायपुर सेंट्रल जेल से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कैदी ने अपने ही गले पर वार कर आत्महत्या की कोशिश की। जेल प्रशासन ने तुरंत गंभीर हालत में कैदी को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। इस घटना ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जेल में मौजूद कैदियों की मानसिक स्थिति और सुरक्षा उपायों को लेकर प्रशासन पर पहले से ही आरोप लगते रहे हैं, लेकिन हाल ही में हुई घटनाओं ने चिंता और बढ़ा दी है।




# शव दफनाने के मामले में विवाद

**लोहंडीगुड़ा,30 जनवरी 2025 (ए)।** लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के दाबपाल गांव में धर्मांतरित महिला के शव को दफनाने को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। कुछ दिन पहले, महिला की मौत के बाद परिजनों ने शव को बेलर गांव के कब्रिस्तान में दफनाया था, जिससे दोनों समुदायों के बीच हिंसा हुई। इस संघर्ष में पुलिस ने मारपीट करने वाले कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है। अब इस मामले में सर्व आदिवासी समाज ने प्रशासन को एक हफ्ते का अल्टीमेटम देते हुए दबाव बनाया है। समाज का कहना है कि धर्मांतरित महिला के शव को क्रिश्चियन कब्रिस्तान में दफनाया जाए, जैसा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले में भी उल्लेख किया गया है। सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय अध्यक्ष राजा राम तोड़ेंम ने कहा कि यदि शव को गांव के कब्रिस्तान में दफनाया जाता है तो यह आदिवासी परंपराओं और संस्कृति के खिलाफ होगा। उनका आरोप है कि इससे आदिवासियों की धार्मिक मान्यताएं और परंपराएं खंडित हो रही हैं। इस विवाद ने बस्तर के आदिवासी समाज में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है, और वे अब प्रशासन से शीघ्र समाधान की उम्मीद कर रहे हैं।



# महिला डॉक्टर को 15 घंटे पुलिस थाने में बिठाया



» टीआई पर दर्ज होगा केस

» कोर्ट ने दिया नोटिस,कहा-मामले पर विभागीय कार्रवाई हो

**भिलाई,30 जनवरी 2025(ए)।** निचली अदालत ने महिला डॉक्टर को 15 घंटे तक अवैध हिरासत में रखने और बिना महिला पुलिसकर्मी के आंध्र प्रदेश से भिलाई तक लाने के मामले को गंभीरता से लिया है। भिलाई-3 कोर्ट ने इस मामले में दो थाना प्रभारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। साथ ही आईजी से इन अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के लिए भी कहा है। इस मामले पर एसपी जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि अभी उन्हें कोर्ट का आदेश नहीं मिला है, और अगर एफआईआर का आदेश होता है, तो वे इसे जिला कोर्ट में चुनौती देंगे। भिलाई-3 क्षेत्र में प्रो. विनोद शर्मा पर जानलेवा हमले के आरोपी प्रोबीर शर्मा की पत्नी डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने मीडिया के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि उन्हें इसलिए परेशान किया गया क्योंकि वह प्रोबीर की पत्नी हैं। उन्होंने इस मामले में न्यायाधीश अमीता जायसवाल की अदालत में शपथ पत्र के साथ शिकायत पेश की थी। कोर्ट ने भिलाई-3 के टीआई महेश ध्रुव और महिला थाना प्रभारी श्रद्धा पाठक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। डॉ. पूर्णिमा के वकील के अनुसार, भिलाई नगर के टीआई प्रशांत मिश्रा आरोपी प्रोबीर को पकड़ने के लिए आंध्र प्रदेश के पीठापुरण गए थे। 12 जनवरी को सुबह 7-30 बजे प्रोबीर, उसके ड्राइवर धीरज वस्त्रकार, और दोस्त टी. कोटी पवन के साथ डॉ. पूर्णिमा को भी हिरासत में लिया गया।



## अरुणदेव गौतम बन सकते है छत्तीसगढ़ के प्रभारी डीजीपी

**रायपुर,30 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के डीजीपी अशोक जुनेजा के एक्सटेंशन में अब तीन दिन बच गए हैं। 3 फरवरी को उनकी सेवावृद्धि समाप्त हो जाएगी। और आज 30 जनवरी हो गया है। याने मुश्किल से अब तीन दिन बचे हैं। या तो एक्सटेंशन मिले या फिर प्रभारी डीजीपी की नियुक्ति...किसी भी सूरत में 3 फरवरी के दोपहर से पहले तक नए डीजीपी का आदेश निकालना पड़ेगा।

## ऑपरेशन समाधान के मद्देनजर राजधानी में पुलिस ने शहर भर में की छापेमारी



» दूसरे राज्यों से आकर रह रहे हजारों लोगों को पकड़ा

» उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा...छत्तीसगढ़ में घुस पैठियों के खिलाफ जारी है कार्रवाई

» मुस्लिम समाज ने कहा...समाज विशेष और क्षेत्र विशेष के लोगों को किया गया टारगेट, जिन्होंने थानों में दे दी है सूचना उन्हें भी किया गया परेशान

**रायपुर,30 जनवरी 2025 (ए)।** प्रदेश में चल रहे नगरीय निकाय चुनाव के बीच राजधानी रायपुर के 21 शहरी थाना क्षेत्रों में दूसरे राज्यों से आकर रह रहे लोगों के लिए पुलिस धर-पकड़ अभियान चलाया। पुलिस ने इसे ऑपरेशन समाधान नाम दिया। इस दौरान ढाई हजार से अधिक लोग पकड़ में आये। इनमें अधिक संख्या पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड जैसे राज्यों के लोगों की थी। इन सभी लोगों का पुलिस ने आधार कार्ड का वेरिफिकेशन किया है। जिन्होंने पूर्व में अपना वेरिफिकेशन नहीं कराया था उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पूछने पर पता चला कि राजधानी के 21 शहरी थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर बाहर से आकर रह रहे लोगों को पकड़ा गया है। छपेमार कार्यवाही के दौरान विभिन्न राज्यों जिनमें पश्चिम बंगाल के 394, उत्तर-प्रदेश के 571, बिहार के 320, ओडिसा के 184, महाराष्ट्र के 110, मध्य-प्रदेश के 273, राजस्थान के 54, जम्मू-कश्मीर के 04, झारखण्ड के 71, नागालैण्ड के 01, गुजरात के 17, नेपाल के 07 एवं दिल्ली के 07 निवासियों सहित कुल 2013 व्यक्तियों को रक्षित केन्द्र लाया गया।

## राष्ट्रपति ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन को एक्जलेंपरी लीडरशिप सर्टिफिकेट प्रदान किया

**रायपुर,30 जनवरी 2025(ए)।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन को एक्जलेंपरी लीडरशिप सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ के गठन के बाद से यह उपलब्धि हासिल करने वाले अमिताभ जैन पहले मुख्य सचिव हैं। चुनाव आयोग की ओर से यह सम्मान बीते एक वर्ष में हुए विधानसभा और लोकसभा चुनावों के बेहतर संचालन और निष्पक्ष निर्भीक व्यवस्था के लिए दिया गया है। अमिताभ जैन के अलावा जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल दुल्लू, राजस्थान की उषा शर्मा, हरियाणा के टीवी एसएन प्रसाद को भी सम्मानित किया गया है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने यह सम्मान पिछले दिनों एलटीसी अवकाश के दौरान बिना किसी तामझाम के हासिल किया. स्वच्छ छवि और प्रचार से दूर रहने वाले जैन ने अपनी इस उपलब्धि को भी प्रचार से दूर रखा।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)